दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 179 टोंक | गुरुवार,27 फरवरी, 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## महाशिवरात्रि पर महास्नान के साथ ही
# महाकुंभ का समापन



## 65 करोड़ से ज्यादा लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**योगी बोले 45 दिन में 66 करोड़ 21 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से ट्वीटर पर पोस्ट किया- मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज 26 फरवरी, महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिनों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** बुधवार को सूर्यास्त के साथ दुनिया के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ का समापन हो चला है। 45 दिन चले इस महा आयोजन के आखिरी दिन शिवरात्रि के अवसर पर रात 8 बजे तक 1.53 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं।

इससे पहले 44 दिन में 65 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। ये आंकड़ा अमेरिका की आबादी (करीब 34 करोड़) से दोगुना है। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। योगी सरकार ने दावा किया कि दुनिया में हिंदुओं की आधी आबादी के बराबर लोग यहां आए हैं। बुधवार को एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने भी महाकुंभ जाने का वीडियो शेयर किया। लिखा- जो अनुभव हुआ, उसे बता नहीं सकती। वहीं, महाकुंभ में ड्यूटी कर रहे एक सफाई कर्मचारी ने अपने गले में चाकू से कई वार किए। उसका ऑपरेशन कराया गया है। हालत गंभीर है।

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य बोले- भव्य और दिव्य महाकुंभ का समापन

यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, आज महाशिवरात्रि के दिन भव्य, दिव्य महाकुंभ का समापन हुआ है। 144 वर्षों के बाद ऐसे दुर्लभ संयोग के कारण पूरे देश और दुनिया में एक अलग तरह का आकर्षण था। पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ पर्व को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए। महाकुंभ में हुए एक दुखद हादसे के कारण कुछ लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया, उनके प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। जो घायल हुए थे, वे ठीक होकर वापस चले गए, वे सदैव स्वस्थ रहें ऐसी प्रार्थना करता हूं। मैं पीएम मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। एक महीने के लिए आए कल्पवासी, पवित्र डुबकी लगाने आए श्रद्धालु, मैं सभी को महाकुंभ के समापन पर बधाई देता हूं।

**मौसम** जयपुर

30.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स | 74,602.12 (+147.71 (0.20%))

निफ्टी | 22,547.55

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 88,990 /10g

चांदी | 98,000 /Kg

## बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले मंत्रिमंडल विस्तार
### बीजेपी के 7 विधायक मंत्री बने, इनमें 4 मिथिलांचल से, एनडीए के 30% एमएलए इसी इलाके से

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले बुधवार को नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं। आज मंत्री बनाए गए सभी विधायक भाजपा के हैं। इनमें 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से हैं। राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13, बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं।

### सबसे पहले दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने शपथ ली

दरभंगा से बीजेपी विधायक संजय सरावगी ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद सुनील कुमार (बिहार शरीफ), जीवेश मिश्रा (जाले), राजू सिंह (साहेबगंज), मोतिलाल प्रसाद (रीगा), कृष्ण कुमार उर्फ मंटू (अमनौर), विजय मंडल (सिकटी) मंत्री बने।



### मिथिलांचल एनडीए का गढ़, गठबंधन के 30% विधायक यहीं से

बिहार में कुल 243 सीटें हैं। एनडीए के पास 131 सीटें हैं। इनमें से 40 सीटें मिथिलांचल से हैं। इसलिए मिथिलांचल को एनडीए का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के 6 जिलों (सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली) में 60 सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से एनडीए को 40 सीटें मिली थीं। आगामी चुनाव को देड्डखते हुए यहां से 4 विधायक मंत्री बनाए गए हैं। दो पहले से मंत्री हैं। मंत्री बने एक विधायक बिहार शरीफ (दक्षिण बिहार) से हैं।

## विराट वनडे बैटर्स रैंकिंग में 5वें नंबर पर पहुंचे
### शुभमन गिल पहले, रोहित शर्मा तीसरे पर कायम; कुलदीप बॉलर्स में नंबर-3





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईसीसी ने बुधवार को अपनी वीकली रैंकिंग अपडेट की। भारत के विराट कोहली बैटर्स रैंकिंग में नंबर-5 पर पहुंच गए।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में शतक लगाया था। बैटर्स रैंकिंग में शुभमन गिल पहले और रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर मौजूद हैं। बॉलर्स रैंकिंग में कुलदीप यादव नंबर-3 पर मौजूद हैं। श्रीलंका के महीश तीक्षणा टॉप पर हैं। ऑलराउंडर्स में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी टॉप पर हैं, वहीं भारत के रवींद्र जडेजा 9वें नंबर पर हैं। कोहली को एक स्थान का फायदा विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरी लगाई। इस प्रदर्शन का फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला। वे 743 पॉइंट्स लेकर छठे से पांचवें नंबर पर पहुंच गए। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे और साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासन चौथे नंबर पर हैं। टॉप-10 में भारत के श्रेयस अय्यर 9वें नंबर पर मौजूद हैं। केएल राहुल 2 स्थान के फायदे के साथ नंबर-15 पर पहुंच गए। शमी को बॉलर्स रैंकिंग में फायदा आईसीसी की वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भारत के मोहम्मद शमी को 1 स्थान का फायदा हुआ। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 5 विकेट लिए थे।

वे 599 पॉइंट्स के साथ 14वें नंबर पर पहुंच गए। मोहम्मद सिराज 12वें और रवींद्र जडेजा 13वें नंबर पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे और भारत के कुलदीप यादव तीसरे नंबर पर हैं।

ऑलराउंडर्स में ब्रेसवेल को 26 स्थान का फायदा आईसीसी की वनडे ऑलराउंडर्स रैंकिंग में न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को 26 स्थान का फायदा हुआ। वे 200 पॉइंट्स लेकर 11वें नंबर पर पहुंच गए। टॉप-10 में भारत के इकलौते प्लेयर रवींद्र जडेजा 9वें नंबर पर हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी टॉप पर हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

### चांदी 800, सोने के 300 रुपए टूटे भाव:10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर पहुंची 88,500 रुपए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर के बाजार में अस्थिरता और शेयर बाजार में हो रहे बदलाव का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। रिकॉर्ड तेजी के बाद बुधवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में जहां 300 रुपए, वहीं चांदी की कीमत में 800 की गिरावट हुई है।

इसके बाद जयपुर के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर 88 हजार 300 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत घटकर 97 हजार 800 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारी शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल सोने और चांदी का बाजार पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है।

## दिलावर बोले- डोटासरा के लिए गीता मायने नहीं रखती : उन्होंने चौपाल के बदमाश-गुंडों जैसा व्यवहार किया, आसन का ऐसा अपमान आज तक नहीं हुआ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने विधानसभा मामले में कहा- गीता की सौगंध खाने की बात कहने वाले डोटासरा के लिए गीता मायने ही नहीं रखती है। डोटासरा को ईगो छोड़कर माफी मांग लेनी चाहिए थी। डोटासरा तो कहते थे कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर नहीं बनने देंगे और बन गया तो तोड़ देंगे। अब ऐसे में उनके लिए गीता क्या मायने रखती है।

डोटासरा तो भगवान राम और श्रीकृष्ण को मानते ही नहीं है। दिलावर ने कहा कि बैठक में तय हो गया था कि डोटासरा माफी मांगेंगे। निलंबित सदस्यों को सदन में नहीं बुलाते, लेकिन स्पीकर की सहृदयता देखिए कि उनको विशेष स्वीकृति दी।



इसके बाद सदन में आकर वे मुकर गए और सदन स्थगित हो गया। शिक्षा मंत्री ने बुधवार को उदयपुर में स्कूल के एक कार्यक्रम में विधानसभा की खींचतान को लेकर बात की।

### मेरे से गलती हुई मैंने भी माफी मांगी थी

मंत्री ने कहा कि डोटासरा सदन में आएं या नहीं आएं उससे कोई अंतर नहीं आता है। राजस्थान की जनता थू-थू कर रही है। कांग्रेस के लोग आपस में लड़ रहे हैं। पुराने लोग कह रहे हैं कि सदन में कोई भी गलती हो जाती है तो माफी मांग ली जाती है। दिलावर ने कहा कि सदन में पूर्व में मेरे से भी गलती हुई तो मैंने भी माफी मांगी है। कोई मांगने से छोटा नहीं हो जाता है। डोटासरा के व्यवहार से मुख्यमंत्री, स्पीकर, सत्ता पक्ष के लोग दुखी हैं। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बिना नाम लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को गोविन्द सिंह डोटासरा को पलटूराम कहा। मीडिया से बात करते हुए पटेल ने कहा- एक व्यक्ति की वजह से पूरी विधानसभा और पार्टी हाईजैक हो गई है। मैंने खुद भी प्रयास किया और मुख्यमंत्री ने भी प्रयास किया।

## सम्पादकीय

# हाई-स्पीड रेल तकनीक पर तेजी से बढ़ें

जब 1 मार्च, 1969 को देश की पहली राजधानी ट्रेन दिल्ली से हावड़ा के लिए रवाना हुई तो एक तरह से भारतीय रेल का नया सफर शुरू हो गया। दिल्ली से शाम साढ़े पांच बजे रवाना हुई इस राजधानी ट्रेन ने हावड़ा तक का सफर केवल 17 घंटे में पूरा कर लिया, जिसमें उससे पहले 24 घंटे से भी ज्यादा का वक्त लग जाता था। उस समय इस ट्रेन में वातानुकूलित (एसी) प्रथम श्रेणी का किराया 280 रुपये और एसी चेयर कार का 90 रुपये था। चमचमाते लाल और सफेद डिब्बों वाली यह रेलगाड़ी पूरी तरह वातानुकूलित थी, जिसमें यात्रियों को बढ़िया और स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए थे। पटरियों पर 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ती यह ट्रेन उत्तर प्रदेश और बिहार के कई प्रमुख स्टेशनों को धड़धड़ाते हुए पार कर गई और बिना रुके हावड़ा पहुंच गई। यह सोचकर हंसी आती है कि उस समय कई अखबारों के संपादकीय में इसे अमीरों की रेलगाड़ी बताया गया था और कहा गया था कि भारत जैसे गरीब देश में इस रेलगाड़ी से सफर करना लोगों के वश की बात नहीं होगी। मगर अब एकदम साफ हो गया है कि भारतीय रेल को नई रफ्तार और सोच के साथ आगे बढ़ना है तो उसे हाई-स्पीड रेल तकनीक अपनानी होगी। हमें एक बार फिर ध्यान रखना होगा कि तकनीकी विकास की तेज चाल को अमीरों का शगल न मान लिया जाए। हाई-स्पीड रेल भारतीय रेल की यात्री नेटवर्क में उस समय दाखिल होने जा रही है, जब एक साथ चार बड़ी बातें नजर आ रही हैं। पहली बात, भारतीय रेल स्वयं कायाकल्प के दौर से गुजर रही है। रेल तंत्र का विस्तार, समर्पित माल गलियारे, लगभग पूरी हो रही बुलेट ट्रेन परियोजना, वंदे भारत ट्रेनों की बढ़ती संख्या और प्रकार, दिल्ली-मेरठ जैसे रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, स्टेशनों का पुनर्विकास और आधुनिक 'कवच' सुरक्षा प्रणाली भारतीय रेल को एक नई पहचान देने जा रहे हैं। हाई-स्पीड रेल को इसका अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। दूसरी बात भारतीय रेल रोजाना 13,000 गाड़ियां चलाती है, जिन पर 2.4 करोड़ लोग सफर करते हैं। यह संख्या ऑस्ट्रेलिया की आबादी से केवल 20 लाख कम है। इन यात्रियों में 1 करोड़ बड़े शहरों तक और लंबी दूरी की यात्रा करते हैं, जिनमें 5 लाख लोग (5 प्रतिशत) एसी डिब्बों में सफर करते हैं। यह रेल को अच्छी कमाई कराने वाली श्रेणी है, जो किफायती हवाई यात्रा और इंटरसिटी लक्जरी बसों के पास जाने का खतरा बढ़ता जा रहा है। तीसरी बात, भारत के आर्थिक संकेतक जता रहे हैं कि देश रेल तकनीक के मामले में कायाकल्प के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) क्रय शक्ति समता के आधार पर दूसरे देशों के उस समय के जीडीपी के बराबर हो गया है, जिस समय उन देशों ने हाई-स्पीड रेल शुरू कर दी थी और यह दशकों पहले हुआ था। इससे संकेत मिलता है कि यह भारत के लिए पारंपरिक रेल को छोड़कर हाई-स्पीड रेल की तरह कदम बढ़ाने का एकदम सही वक्त है। चौथी बात, गुजरात के वडोदरा में हाई-स्पीड रेल प्रशिक्षण केंद्र तैयार हो रहा है, जहां किसी भी समय 4,000 लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं होंगी। हाई-स्पीड रेल के लिए क्षमता निर्माण का काम भी चल रहा है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हाई-स्पीड रेल कई मायनों में ऐसी जरूरत बन गई है, जिसे टाला नहीं जा सकता। इसका कारण भारतीय रेल नेटवर्क है, जो इतना बड़ा और पेचीदा है कि मौजूदा ढांचे को यात्रियों की बढ़ती भीड़ के हिसाब से उन्नत करने में कई दशक लग जाएंगे। इंटरनैशनल यूनियन ऑफ रेलवेज के अनुसार मौजूदा रेल पटरियों को 200 से 220 किमी प्रति घंटा अधिकतम रफ्तार के लायक बना दिया जाए तो उसे हाई-स्पीड रेल माना जाएगा। इस परिभाषा के हिसाब से भारत के लिए रेल नेटवर्क को आधुनिक बनाना और हाई-स्पीड रेल पर जोर देना आसान हो जाता है। दिलचस्प है कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन की रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 27 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लंदन में रूस का 1557 में दूतावास खुला।
- वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना 1921 में हुई।
- क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तारी से बचने के लिए 1931 में खुद को गोली मार ली।
- मिस्र में महिलाओं को 1956 में वोट डालने का अधिकार मिला।
- फ्रांस ने 1965 में एकर अल्जीरिया में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिकी साप्ताहिक पत्रिका 'पीपुल' की 1974 से बिक्री शुरू।
- 1988 को पहली बार हेलीकॉप्टर डाक सेवा का उद्घाटन किया गया था।
- नाइजीरिया में असैन्य शासन के लिए 1999 में चुनाव।
- सन 2001 में गोधरा, गुजरात में अयोध्या से वपास आ रहे कारसेवकों के डिब्बे में मुसलमानों के आग लगाए जाने से 59 हिन्दू कारसेवकों की मौत।
- फिलीपीन्स में एक आतंकवादी ने 2004 में एक नाव को बम से उडा दिया जिसमें लगभग 100 से ज्यादा लोग मारे गये।
- मारिया शारापोवा ने 2005 में कतर ओपन खिताब जीता।
- लान्साना कोयटे 2007 में गुयाना के नये प्रधानमंत्री बने।
- लगातार सातवें साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2008 में 25 महिलाओं को जी.आर-8 सम्मान से नवाजा गया।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2009 में अपनी लोकसभा सीट का उत्तराधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल जी टंडन को सौंपा।
- पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 2013 में एक बाजार में आग लगने से 20 लोगों की मौत।

### 27 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक का 1882 में जन्म।

### 27 फरवरी को हुए निधन

- 1931 में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद का निधन।
- 1956 में लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन।
- 1976 में कर्नाटक के प्रथम मुख्यमंत्री तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल के. सी. रेड्डी का निधन।
- 1997 में हिंदी फ़िल्मों के प्रसिद्ध भारतीय गीतकार इन्दीवर का निधन।
- 2010 में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के मज़बूत स्तंभ और प्रख्यात समाजसेवक नानाजी देशमुख का निधन।

## विशेष आलेख

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है अध्यापिकाओं की बढ़ती संख्या



– प्रियंका सौरभ

**महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है।**

यूडाआइएसइ+ 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। उच्च शिक्षा में केवल 43ल संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20ल अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दर्शाता है। अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर स्तर तक सीमित है, जहां उनका प्रतिशत तेजी से गिरता है। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 25ल से भी कम पूर्ण प्रोफेसर महिलाएं हैं, जो निर्णयों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। भारत के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में 10ल से भी कम कुलपति महिलाएं हैं। सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं के कारण, केरल और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, जबकि ग्रामीण और उत्तर भारतीय विश्वविद्यालयों में यह कम है। केरल के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक प्राध्यापक महिलाएं हैं, जबकि बिहार और राजस्थान में यह प्रतिशत 30ल से भी कम है। नियुक्ति और पदोन्नति में अचेतन पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं के नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने की संभावना कम होती है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर में ब्रेक ले लेती हैं, जिसका असर उनकी उन्नति और शोध कार्य की संभावनाओं पर पड़ता है। समान कैरियर उन्नति के अवसर सुनिश्चित करना, लिंग कोटा स्थापित करना, चयन समितियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना तथा स्पष्ट पदोन्नति मानकों को लागू करना, शैक्षणिक नियुक्ति समितियों में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता के द्वारा, जर्मनी का डीएफजी कार्यक्रम अधिक महिलाओं को उच्च शिक्षा में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षाविदों में महिलाओं की मेंटरशिप और नेटवर्किंग अवसरों तक पहुंच बढ़ाना- महिला संकाय सदस्यों को वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ जोड़ने के लिए औपचारिक मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करना, वित्तपोषण के अवसरों, अनुसंधान और नेतृत्व विकास पर सलाह देना। केंद्रित मार्गदर्शन और समर्थन नेटवर्क के मूल्य के प्रमाण के रूप में, अमेरिका का विज्ञान और इंजीनियरिंग में महिलाएं कार्यक्रम नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने में सहायक रहा है। कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देना, परिसर में बाल देखभाल सेवाएं प्रदान करना, सवेतन मातृत्व अवकाश बढ़ाना, तथा लचीले कार्यकाल पथ को लागू करना, महिला संकाय सदस्यों को मातृत्व के बाद एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार प्रदान करके उनके शोध करियर को जारी रखने में मदद करता है। महिलाओं की प्रशासनिक और शैक्षणिक दृश्यता में सुधार लाने के लिए विशिष्ट वित्तपोषण उपलब्ध कराना तथा उनके लिए नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम चलाना, भारत की महिला वैज्ञानिक योजना महिला शोधकर्ताओं को करियर ब्रेक के बाद वित्त पोषण प्रदान करके शिक्षा जगत में वापस लौटने में मदद करती है।

# बढ़ती आबादी के बीच बढ़ती पार्किंग समस्याएं



–सुनिल कुमार महला

**भारत आज विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राष्ट्र है।बढ़ती जनसंख्या और देश में बढ़ते वाहनों के साथ ही आज देश के बड़े शहरों में पार्किंग की समस्या एक बहुत बड़ी और ज्वलंत समस्या है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जैसे-जैसे हमारे यहां शहरी आबादी बढ़ी है और देश के शहरों की अर्थव्यवस्था का व्यापक तौर पर विस्तार हुआ है, शहरी क्षेत्रों में मोटर वाहनों, मुख्य रूप से कारों और दोपहिया वाहनों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वास्तव में, कहना चाहूंगा कि आज तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और बढ़ते वाहनों की संख्या ने पार्किंग की समस्या को जन्म दिया है।**

बढ़ती आबादी, बेतरतीब विकास ने शहरों में मार्गों को अतिव्यस्त बना दिया है, जिससे यातायात बाधित होना, हर कहीं पर जाम लगना आम बात सी हो गई है।सच तो यह है कि जैसे-जैसे यातायात की भीड़ बढ़ती है, तो शहरों में गतिशीलता में बाधा आती है, और यात्रियों को अपने रोज़मर्रा के आवागमन पर और ज़्यादा समय गुज़ारना पड़ता है।शहरों में आज जगह-जगह अतिक्रमण भी देखने को मिलता है। बाजार हो या गलियां हर कहीं ठीक-ठाक भीड़भाड़ रहती है। यही कारण है कि शहरों में आए दिन वाहनों की पार्किंग के लिए बहुत अधिक मारामारी होती है व ट्रैफिक जाम लगता है। शहरों में पार्किंग का प्रबंधन ठीक नहीं होने से आम जनता को बहुत सी समस्याओं और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम प्रशासन, हालांकि शहरों में पार्किंग व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर प्रयास करते हैं, लेकिन बावजूद इसके भी आज शहरों में पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पार्किंग की विशेष कार्ययोजनाएं बनाये जाने की आवश्यकताएं हैं। पुराने बसे शहरों में नगर-नियोजन सही नहीं देखने को मिलता, क्यों कि वहां गलियां संकरी होती हैं, और स्थान विशेष का भी काफी अभाव होता है, ऐसे में इन शहरों में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाना एक चुनौती ही है। आज लोग किसी कार्य विशेष के लिए रोजाना इधर से उधर, बाजार में, आफिस में जाते हैं, जगह नहीं मिलने के कारण वे अपने वाहनों को इधर उधर कहीं भी, जहां उनको जगह मिलती है, सड़कों के किनारे या अन्य स्थानों पर अव्यवस्थित तरीके से खड़ा कर देते हैं और इससे शहरों में जाम की समस्या जन्म लेती है। वास्तव में, आज जरूरत इस बात की है कि पार्किंग के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। वास्तव में, होना तो यह चाहिए कि नई पार्किंग नीतियां बनाकर सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने के लिए आम लोगों को प्रेरित करना चाहिए। आज यातायात की भीड़ जहां एक ओर ट्रैफिक को धीमा करके आम आदमी की परेशानियों का सबब बनतीं हैं, वहीं दूसरी ओर अधिक ट्रैफिक से हमारे स्वास्थ्य को तो अलाभ(नुकसान) पहुंचते ही हैं, साथ ही साथ इससे हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर भी बहुत असर पड़ता है तथा आर्थिक रूप से भी हमें हानि होती है।कुल मिलाकर, यह बात कही जा सकती है कि यातायात की भीड़ हमारी सामाजिक पूंजी(सोशल कैपिटल) को भी नष्ट कर देती है। इसलिए, पार्किंग के लिए सही मूल्य तय किए जाने की आवश्यकता महत्ती है, ताकि हमारी सामाजिक पूंजी नष्ट होने से बचाई जा सके और साथ ही साथ हमारे स्वास्थ्य के साथ ही धरती के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा सके। आज भारत में स्थिति यह है हर कोई कहीं भी अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं, बिना इस बात की परवाह किए किए इससे आम आदमी को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज हमारे यहां सड़कों पर जित देखो तित वाहन

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



प्रदीप दर्गन
(डायरेक्टर गजल रेस्टोरेंट)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अलवर में विभिन्न ब्रेकरी प्रोडेक्ट्स को अलवर ही नहीं अपितू राजस्थान भर में ख्याति दिलाने वाले गजल रेस्टोरेंट के डायरेक्टर प्रदीप दर्गन। तस्वीर में साउथ के कोई स्टार से नजर आने वाले प्रदीप सच में किसी स्टार से कम नहीं। यारों के यार हैं बस उनसे बचके रहने की सलाह देते हैं जिनके दिल में भी एक दिमाग होता है। 3 अक्टूबर सन 1978 को अलवर में जन्में इस युवा में जोश और जज्बा शुरू से ही कूट-कूट कर भरा हुआ है। एज्यूकेशन हैप्पी पब्लिक स्कूल से हुई। जीवन संर्घष है और उससे कैसे जीता जाता है ये इन दोनों भाईयों को अपने पिता के आर्दश के रूप में विरासत में मिला है। पापा का साबुन का व्यवसाय था उन्ही के आर्शिवाद से सन 2011 में होप सर्कस पर सिटी हार्ट के नाम से केक व ब्रेकरी प्रोडेक्ट्स की शॉप ड़ाली उसके बाद स्कीम नम्बर 2 में किराए से लेकर कार्य शुरू किया। पिता के देहान्त के बाद संर्घष दो गुणा बढ़ गया ऐसे में दो साल बाद कर्मयोग के माध्यम से गजल रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। आर्मी कैम्पस में आर्मी के जवानों की सुविधा के लिए वहां शॉप ड़ाली। मेहनत रंग लाई और नाम आसमां छूंने लगा अचानक कोविड़-19 जैसे महामारी आन पड़ी लॉक डाउन ने यूं तो कमर तोड़ दी लेकिन संर्घष का जज्बा कम होनें की बजाया ओर बढ़ गया। हालांकि बड़े भाई रोहित कदम कदम पर साथ और मां और चाहने वालों का आर्शिवाद भी संघर्षो के साथ युद्ध करता रहा। अब दो महीने बाद अलवर की जनता के लिए सिलीसेढ़ झील मार्ग पर द गोल्डन वैली होटल एण्ड़ रिर्सोट का शुभारंभ करने जा रहे हैं। लोगों को शानदार स्वाद और हाईजिनिक फूड्स के लिए आज गजल ने अपना एक अलग स्थान बनाया हुआ है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## 2025_056 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 5 | | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 6 |
| 2 | | | 9 | | | 1 | | 4 |
| 5 | 3 | | | | 8 | 2 | | |
| | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | | |
| | | | | | | 9 | 7 | 5 |
| | 2 | 3 | 1 | | 6 | 4 | | |
| | 8 | 1 | 4 | | | | 6 | |
| 6 | 5 | | 7 | 3 | 9 | | 1 | |

### Ans_2025_055

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 6 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 1 | 9 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी या तीर्थ यात्रा होगी। आध्यात्मिकता में प्रगति कर सकेंगे। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है।

### वृष

बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी। स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक रूप से आपके मन में हताशा छायी रहेगी।

### मिथुन

नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है। आज आपको पानी, अग्नि और दुर्घटना से संभलकर रहना होगा। काम का बोझ अधिक रहेगा। विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा।

### कर्क

माता और स्त्री वर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। पारिवारिक संपत्ति बारे में सावधानी से काम लेना हितकर है। आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा।

### सिंह

ननिहाल पक्ष से चिंताजनक समाचार आएंगे। उच्च अधिकारियों के साथ संघर्ष टालना उचित होगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। दोस्तों और सगे-संबंधियों से भेंट-उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा।

### कन्या

परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। बिजनेस में आप पैसे के साथ मान-सम्मान भी प्राप्त कर सकेंगे।

### तुला

कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे- संबंधियों का घर पर आगमन होने से आनंद होगा।

### वृश्चिक

संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभव, मौज-शौक की वस्तुएं, वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्य जीवन का साथ मिलेगा।

### धनु

भागीदारी लाभदायक साबित होगी। किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। साथियों का सहयोग कम मिलेगा।

### मकर

काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे। दूर के स्थानों पर रहने वाले रिश्तेदारों से अच्छी बातचीत होगी। आपका दिन अच्छा गुजरेगा। ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा।

### कुंभ

आध्यात्मिक तथा गूढ़ विद्या के प्रति रुचि होगी। यात्रा या प्रवास होने की संभावना है। परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च हो सकता है। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे।

### मीन

पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है। शेयर-सट्टे से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। सभी कार्य सरलता से पूरे होंगे।

नक्षत्रा एग्रो फूड प्रा. लि. की प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला

# सभी को पर्याप्त भोजन कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने का पर्याय है कृषि : पंकज

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** हमारे देश में कृषि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है यह केवल आजीविका ही तक सीमित नहीं है बल्कि यह सभी के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करती है! यह बात गत दिवस महानगर में मानसरोवर स्थित मानसरोवर प्लाजा में नक्षत्रा एग्रो फूड प्रा. की ओर से प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में नक्षत्र के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पंकज जैन ने किसानों को कही । सीईओ जैन ने कहा कि रासायनिक खेती से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है साथ ही उपयोगी सूक्ष्म जीव मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर इसे एक जन आंदोलन का रूप दे रहे हैं। प्रबंध निदेशक पंकज जैन ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है क्योंकि इसमें लागत कम आती है और उत्पाद का अधिक मूल्य मिलता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर रुख किया जाए। उन्होंने स्वस्थ मन, स्वस्थ भोजन, स्वस्थ कृषि और स्वस्थ मानव के सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए।



**यूनिक आईडी से ही किसानों को मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ**

कार्यशाला में निदेशक ( स्वतंत्र) राकेश शर्मा ने बताया कि यूनिक आईडी नंबर के आधार पर किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त के साथ फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। यूनिक फार्मर आईडी नंबर नहीं होने पर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सकेगा। खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण करना आसान होगा। किसानों को कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार सत्यापन या रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ेगा। कार्यशाला में महाप्रबंधक श्री कृष्णा ने कहा कि नक्षत्रा एग्रो फूड्स प्रा.लि. जो की देश विशेष में एग्रो फूड्स व्यापार की अग्रणी व्यापारिक संस्थान है एवं समय- समय पर किसानो के लाभार्थ कार्यक्रम करती रहती है। इसी श्रृंखला में कंपनी एवम किसानों के प्रतिनिधि मंडल के साथ आगामी सीजन 2025 में आने वाली फ़सलो जैसे चना , गेहू, धनिया आदि के अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में किसान प्रतिनिधि मंडल के सदस्य कल्याण एवं डायरेक्टर छीपाबड़ौद फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड , बालमुकुंद , डायरेक्टर चेचट बागवानी फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड , राकेश डायरेक्टर , प्रगतिशील फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड, देवकरण उपाध्याय , डायरेक्टर निरंतर एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एंड शंकर सिंह रावत , सचिव , ग्रामीण महिला विकास संस्थान, अजमेर आदि ने भाग लिया। कार्यशाला में आगामी सीजन के लिए नाबार्ड के योजनाओ के संबंध में भी चर्चा की गई। अंत में नक्षत्रा एग्रो फूड प्रा. लि . के वरिष्ठ पदाधिकारी पवन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



आदर्श सौर ग्राम योजना

## सर्वाधिक सोलर संयंत्र स्थापित करवाने वाले गांव को मिलेगा एक करोड़ रुपए का वित्तीय अनुदान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रूप में राज्य को विद्युत उत्पादन में सरप्लस बनाने एवं परिवारों को 24 घंटे मुफ्त विद्युत उपलब्ध कराने के लक्ष्यानुसार योजना को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आदर्श सौर ग्राम योजना के तहत प्रत्येक जिले में 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों का चिन्हिकरण कर एक करोड़ रूपए के केन्द्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से एक मॉडल सौर गांव विकसित किया जाएगा। ताकि ग्रामीण समुदाय अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बनाना, ऊर्जा बिलों में कमी ला सकेंगें जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और सभी घरो एवं सार्वजनिक क्षेत्र को 24 घण्टे सौर उर्जा से संचालित गांव का विकास करना है। साथ ही सौर आधारित अघरेलू जल प्रणाली, कृषि उद्देश्य के लिए सौर पम्प और सौर स्ट्रीट लाइट जैसी तकनीको को बढ़ावा देती है।

**5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों का किया चिन्हिकरण :** जिला कलक्टर शुभम चौधरी के निर्देशानुसार उक्त योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा मलारना चौड, मलारना डूंगर, पिपलदा, शिवाड, सारसोप, भगवतगढ़, चौथ का बरवाडा, सूरवाल, खिलचीपुर, कुस्तला, छाण आदि 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांव चिन्हिकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हित गांवों में प्रतियोगिता के आधार पर 6 माह के भीतर सर्वाधिक सोलर संयंत्र स्थापित करवाने वाले गांवों का चयन आदर्श गांव के रूप में किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा आदर्श सौर ग्राम को एक करोड रूपये की केन्द्रित वित्तीय सहायता का अनुदान दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीणा ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम के लिए जिला स्तरीय समीति का गठन किया गया है। योजना में सामुदायिक सौर संयंत्र, सौर ऊर्जा संचालित उपकरण, सरकारी भवन पर सौर संयंत्र और सौर सार्वजनिक तकनीकी को शामिल किया गया है। योजना के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक गांव के सरपंच अपनी ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक सौलर संयंत्र स्थापित करवायेंगें। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक को लोन के बारे मे जानकारी देने का कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों पर 27 हजार 4 परीक्षार्थी देंगे राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा

# निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराए रीट परीक्षा : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आगामी 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण हो गई। इसी क्रम में सोमवार को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए लगाए गए केंद्राधीक्षक, केंद्र पर्यवेक्षक, अतिरिक्त केंद्राधीक्षक, पेपर कॉर्डिनेटर, फ्लांगकम ओएमआर कोर्डिनेटर को परीक्षा की तैयारियों के संबंध में नगर परिषद सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने प्रशिक्षकों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए तथा कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाए। फर्जी अभ्यार्थियों को प्रवेश रोकने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर बायोमेट्रिक, फेस रिकोगनिशन तथा सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। एरिया मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर फिजिकल सुविधाओं का वेरिफिकेशन किया जाएगा।



**जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित :** जिला कलक्टर ने कहा कि परीक्षा के संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर परीक्षार्थी जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07462-220323 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। यह नियंत्रण कक्ष 25 फरवरी से परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। इसके अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी लक्ष्मण लाल मीणा के मोबाइल नंबर 9694157071 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में 27 फरवरी को प्रथम पारी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रीट लेवल-1 के 8 हजार 426 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं इसी दिन द्वितीय पारी में अपरान्ह 3 बजे से सांय 5:30 बजे तक रीट लेवल-2 के 9 हजार 693 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार दूसरे दिन 28 फरवरी को प्रथम पारी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रीट लेवल-2 के 8 हजार 885 परीक्षार्थी राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा देंगे।

**परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश**

परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में अपने साथ प्रवेश-पत्र, नीला/काला पारदर्शी बॉल पॉईन्ट पेन, कोई एक मान्य फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र मुख्यतः आधार कार्ड एवं इसके अनुपलब्ध होने पर अन्य राजकीय फोटोयुक्त पहचान-पत्र (यथा ड्राइविंग लाईसेंस निर्वाचन पहचान-पत्र आदि। मय स्वप्रमाणित फोटो प्रति लाना अनिवार्य है।

# माली समाज की ओर से निकाली गई भव्य एवं विशाल कलश यात्रा

भामाशाहो व दानदाताओं का सम्मान कर बढ़ाया मान



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पुरानी तहसील स्थित श्री घाट के बालाजी मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद अखिल भारतीय माली समाज मालपुरा के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के पवन पर्व पर विशाल एवं भव्य कलश यात्रा का जुलुस निकाला गया। बुधवार को अखिल भारतीय माली समाज की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरानी तहसील स्थित श्री घाट के बालाजी मन्दिर से विशाल एवं भव्य कलश यात्रा का जुलुस निकाला। वहीं सम्मान समारोह का आयोजन जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चाँधरी के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। समाज की ओर से दोनो अतिथियो सहित समाज के भामाशाहो का सम्मान किया गया। मंत्री राजेन्द्र माली ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रभूलाल , रामावतार, बादलसिंह, कैलाश, सुरेश, रामजीलाल, अम्बालाल, जगदीश सहित अन्य कई समाजबंयधु मौजुद रहकर प्रतिथियो का सम्मान किया।

इस दौरान माली समाज के अध्यक्ष सुखपाल सुईवाल, महामंत्री राजेन्द्र माली व समाज के अन्य मौजुद प्रबुद्धजनो ने पालिकाध्यक्ष का अभिनन्दन किया। वहीं कलश यात्रा का जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर पुरानी तहसील स्थित मालियो की बगीची पहुंचा।

वहीं समाज की ओर से इस मौके पर समाज के भामाशाहो, दानदाताओं सहित धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले भामाशाहो कर मान बढ़ाया।

## टोंक में अब गर्मी का होने लगा एहसास, सुबह छाये बादल, धूप में तेजी होने से बढ़ने लगा तापमान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** टोंक जिले में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी सर्दी का असर कम रहा। सुबह से ही सर्द हवा का असर मंगलवार के मुकाबले बुधवार को कम रहा। इसके चलते फिर से मौसम में ठंड का असर कम रहा। सुबह हल्के बादल छाये दिखाई दिए। सुबह करीब 10 बजे से धूप में तेजी आई। इसके चलते गर्मी बढ़ती गई। इससे अधिकतम तापमान भी मंगलवार के मुकाबले बुधवार को दो डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार है, जबकि न्यूनतम तापमान बढ़ा नहीं। ऐसे में लोग एक बार फिर दूसरे दिन भी उनी कपड़े कम पहने दिखाई दिए। इस बदलते मौसम के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी कम-ज्यादा हो रहा है। अधिकतम तापमान मंगलवार के मुकाबले बुधवार को दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार है। जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा था। वहीं 24 घंटे में ही न्यूनतम तापमान बढ़ा नहीं। बीते 24 घंटे की तरह 18 डिग्री सेल्सियस रहा ।

## सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह दो मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** गंगापुर सिटी में आगामी 2 मार्च 2025 (रविवार) को श्री हनुमान भक्त मंडल, गंगापुर सिटी के तत्वावधान में सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर, उदेई मोड पर दोपहर 12.00 बजे से प्रारंभ होगा। जिला समरसता समिति के संयोजक पूरण मल जाट एवं जिला सह संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा (व्याख्याता) ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जातियों एवं समाजों के उन प्रतिभावान कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का गौरव बढ़ाया है। इस सम्मान समारोह में बांसुरी, ढोलक, गिटार, कत्थक, भरतनाट्यम, राजस्थानी लोकगीत, लोकनृत्य, फड़ करतब, नाटक, नाटिका, काव्य, लोक कलाएं, कठपुतली प्रदर्शन, मूकाभिनय, मूर्तिकला, चित्रकला एवं अन्य पारंपरिक कलाओं में निपुण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि विजय कुमार वर्मा (सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी), विशिष्ट अतिथि- डॉ. सुभाष पहाड़िया (प्रधानाचार्य, राजकीय महाविद्यालय, लालसोट) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष- डॉ. हेमंत शर्मा (समाजसेवी एवं निदेशक, कुहू इंटरनेशनल विद्यालय) होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. निर्मल शर्मा अमरगढ़िया, डॉ. मनोज जैन, समय सिंह गुर्जर, नरेंद्र आर्य, मोहनलाल शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा, पूरण मल जाट आदि कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

# शिवालयो में उमड़े शिव भक्त भोले की भक्ति में डूबे भक्त

रामेश्वरम महादेव मन्दिर में हुई विशेष पूजा अर्चना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पर्व पर जहां एक ओर शिवालयो में दिन भर शिव उमड़ कर शिव पूजा कर अभिषेक किया। बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र में पूरे उमंग उत्साह व परम्परा के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी छोटे बड़े शिवालयो में दिन भर शिव भक्तो का तांता लगा रहा। शिव भक्तो भगवान शंकर का अभिषेक कर पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर महाआरती की। शहर के नीलकंठ महादेव मन्दिर, नवीन मण्डी के केदारनाथ मन्दिर, ब्रह्म तालाब स्थित श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर, पुलिस थाना परिसर स्थित थानेश्वर महादेव मन्दिर सहित अन्य शिवालय दिन भर भगवान शंकर के जयकारो से गूंजते रहे।



इधर जयपुर रोड पर फलोदी बालाजी मन्दिर स्थित श्री रामेश्वरम महादेव मन्दिर में दिन भर पूजा अर्चना का दौर चला। दोपहर में महन्त निर्मलदास जी महाराज के पावन सानिंध्य व पण्डित मोनू शर्मा के निर्देशन में धर्मप्रेमी आशा रमेशचन्द, कमलेश रामजीलाल, जूली मोहित, गोरांग व कनिका के द्वारा भगवान शंकर की विशेष पूजा अर्चना आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई। अंत में महाआरती के साथ कार्यक्रम की पुर्णाहुति हुई।

## नगर परिषद ने शहर में पकड़े 50 बंदर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शहर के लोगों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर ने बंदर पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया है। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में बंदरों के आतंक की लगातार आमजन से शिकायत मिल रही थी। इस पर नगर परिषद ने कार्यवाही अभियान चलाते हुए बजरिया में पोस्ट ऑफिस के सामने, पीडब्ल्यूडी ऑफिस बाउंड्री एवं अन्य विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाकर लगभग 50 बंदर पकड़े। इन बंदरों को पाली घाट के आसपास आबादी से दूरदराज इलाकों में छोड़ा जाएगा। आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद के सभी चिन्हित इलाकों से बंदर पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आमजन को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।





माली समाज द्वारा भगवान गणेश जी महाराज को सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विशाल भव्य जुलूस के साथ दिया निमंत्रण,

## गणेश जी महाराज की प्रतिमा को ले जाने व घोड़ी पर बैठने वाले ने लगाई बोली

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा (नि.स.)।** उनियारा तहसील के समस्त माली (सैनी ) समाज के पंच पटेलों द्वारा बुधवार 26 फरवरी 2025 को सुबह नौ बजे बैंड बाजे के साथ उनियारा तहसील के सैनी समाज के महिला,पुरुष,व बच्चे भव्य जुलूस के रूप में भगवान गणेश जी महाराज को निमंत्रण देने के लिए माली समाज छात्रावास सवाई माधोपुर रोड से डीजे,झंडा के साथ रवाना हुए।30 अप्रैल 2025 को आखातीज के उपलक्ष पर आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए गणेश जी निमंत्रण के लिए सैनी छात्रावास उनियारा से बैंड बाजा डीजे,झंडा,जुलूस के रूप में महिला पुरुष,बच्चे रवाना होकर गणेश मंदिर कृषि मंडी उनियारा महिला,पुरुष नाचते गाते जयकारे लगाते हुए पहुंचें।और वहां पर सभी समाज के पंच पटेलों ने भगवान गणेश जी महाराज को विधि विधान से पाठ पूजन कर गणेश जीमहाराज को निमंत्रण दिया। साथ ही गणेश जी महाराज की प्रतिमा को सिर पर रखकर जुलूस के साथ व घोड़ी पर झंडा लेकर बैठने के लिए पंच पटेलों द्वारा माली समाज के संरक्षक बद्री लाल भारती पचाला ने बोली लगाई जिसमें शंकर लाल सैनी पान वाले ने 1लाख 24 हजार में बोली छुड़ाई गणेश जी महाराज की प्रतिमा को सिर पर धारण कर विशाल जुलूस के साथ चलने के लिए बोली लगाई कैलाश देवी रिटायर्ड अध्यापिका उसके बाद भगवान गणेश जी महाराज के यहां से वापस विशाल जुलूस रैली के रूप में गणेश जी महाराज के यहां से रवाना होकर खतौली गेट,सिंह द्वारा,कटला बाजार,न्यू मार्केट सरदार सिंह सर्किल,बस स्टैंड होते हुए माली समाज की छात्रावास में पहुंचे और वहां पर संबोधन कार्यक्रम भी हुआ।कार्यक्रम में उनियारा उपखंड के आसपास के कस्बे नाहरा,बनेठा ,उनियारी,दोबाडिया,अलीगढ़,सोप ,सुथडा,डाबला, बालिथल, सोरजपुरा,नसिया,पलाई डिकोलिया,चोरू, ककोड,हवाला शामला गांव पचाला,मुबारक नगर,बामनिया आदि कई गांव कस्बे से कई समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

# धमकी-ठगी के लिए फ्लाइट में सिम मंगवा रहा गिरोह

## सगरना दुबई से चला रहा कॉल सेंटर; जयपुर में 1 आरोपी पकड़ा, 61 एक्टिव सिम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह का सरगना दुबई में बैठकर वहीं से साइबर ठगी का कॉल सेंटर चलाता है। टास्क फोर्स ने बुधवार को गिरोह के एक सदस्य यशवंत सिंह पंवार (21) को पकड़ा है। उसके पास से 61 एक्टिव सिम और 2 मोबाइल बरामद हुए हैं।

आरोपी से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। दुबई में बैठा सरगना अभिषेक अरुणाचल प्रदेश और असम से फर्जी सिम मंगवाता था। सिम को फ्लाइट में कुरियर के जरिए भेजा जाता था। फिर इन सिम का इस्तेमाल ऑनलाइन गेमिंग, सट्टा और धमकी देने के लिए किया जाता था। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स अब दुबई में बैठे सरगना और गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने की कोशिश में लगी है।

### 1. सिम को फ्लाइट में कुरियर के जरिए मंगवाया

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया- टीम को जयपुर में असम से भारी मात्रा में एक्टिव सिम आने की सूचना मिली थी। इन्हें फ्लाइट में कुरियर के जरिए मंगवाया जा रहा था। बुधवार को वैशाली नगर इलाके से पुलिस ने सिरसी रोड से यशवंत सिंह पंवार (21) निवासी गुर्जर बस्ती, शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है।

### 2. चाय की थड़ी पर पकड़ा, 61 एक्टिव सिम मिली

एडीजी क्राइम के अनुसार यशवंत पेट्रोल पंप के सामने एक चाय की थड़ी पर बाइक के साथ खड़ा था। पुलिस को देख भागने लगा। पकड़ने पर तलाशी में एक लिफाफे में 61 सिम और दो मोबाइल मिले। पूछताछ में बताया कि फर्जी डॉक्युमेंट से ये सिम उसके साथी लालरपुरा गांधीपथ वेस्ट निवासी अभिषेक उर्फ अन्ना ने असम से मंगवाई थी।

### 3. सिम बॉक्स से करते थे एक्टिव

जयपुर में गिरोह का ऑफिस है, जहां छोटे-छोटे सिम बॉक्स हैं। एक बॉक्स में 30-40 या उससे ज्यादा सिम एक साथ एक्टिव की जाती हैं। पुलिस ऑफिस की जानकारी जुटा रही है।

### 4. दुबई से चल रहा कॉल सेंटर

एडीजी क्राइम ने बताया- गिरोह का सरगना अभिषेक दुबई में कॉल सेंटर चलाता है। भारतीय नंबर की सिम बॉक्स में डालकर एक्टिव करते हैं। इनका इस्तेमाल गेमिंग एप और अन्य तरीकों से साइबर ठगी में होता है। गिरोह में शास्त्री नगर, पंजाब और हनुमानगढ़ के कई लोग शामिल हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# जयपुर हैरिटेज क्षेत्र में अवैध निर्माण, प्रशासन की लापरवाही से बढ़ रहा अतिक्रमण

## शिवाड हाउस पर कॉमर्शियल निर्माण, ऐतिहासिक धरोहर को खतरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हवामहल विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला शिवाड हाउस, आमेर रोड का है, जहां पर 635 वर्गगज क्षेत्र में रामअवतार अग्रवाल द्वारा अवैध रूप से कॉमर्शियल निर्माण कराया जा रहा है।

### हैरिटेज की खूबसूरती पर असर

स्थानीय निवासी फईम कुरैशी ने आरोप लगाया कि इस अवैध निर्माण से जयपुर के ऐतिहासिक स्वरूप को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, और यहां हो रहे अवैध निर्माण से हैरिटेज की खूबसूरती प्रभावित हो रही है।

नगर निगम की अनदेखी, दो बार हुई गॉड नियुक्ति लेकिन कोई कार्रवाई नहीं

इस मामले में नगर निगम के उपायुक्त सतर्कता द्वारा दो बार गॉड नियुक्त किए गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण परकोटे क्षेत्र में अवैध निर्माण लगातार बढ़ता जा रहा है।





### स्थानीय नागरिकों की प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

**इस अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों में नाराजगी बढ़ रही है। अब लोग प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं, ताकि जयपुर की ऐतिहासिक धरोहरों को बचाया जा सके। प्रशासन की चुप्पी आखिर कब टूटेगी? क्या ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा? यह सवाल अब आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन गया है।**

# धोद बैंड दुनिया भर में बिखेरेगा राजस्थानी कला-संस्कृति की छठा

## राजस्थान दिवस के अवसर पर वैश्विक मंचों पर गूंजेगा लोक संगीत

### इटली में राजस्थानी प्रवासियों के बीच करेंगे परफॉर्म दूतावास ने भेजा खास आमंत्रण

- 700 से अधिक कलाकारों को दिला चुके अंतरराष्ट्रीय पहचान
- 119 देशों में 1 हजार 500 से ज्यादा लाइव परफॉर्मेंस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** लोक कलाकार रहीस भारती और उनका धोद बैंड अपनी 25वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक मौके पर वर्ल्ड टूर के लिए रवाना हो रहा है। फ्रांस के लूमो शहर से इस टूर की शुरुआत होगी। 29 मार्च को राजस्थान दिवस इटली में प्रवासी राजस्थानियों के बीच यह राजस्थानी ग्रुप परफॉर्म करेगा। भारतीय दूतावास ने इस खास मौके पर धोद ग्रुप को आमंत्रित किया है। राजस्थान दिवस के मद्देनजर यह वर्ल्ड टूर राजस्थान और भारत की संस्कृति को दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक पहुंचाने का काम करेगा। करीब दो दर्जन कलाकारों का यह ग्रुप 6 से 7 माह विदेश टूर पर रहेगा। जहां राजस्थानी संस्कृति को अलग-अलग देशों के मंच पर हजारों ऑडियंस के बीच परफॉर्म करेगा।

फ्रांस से होगी भव्य शुरुआत

धोद बैंड अपने अंतरराष्ट्रीय दौरे की शुरुआत 6, 8 और 11 मार्च को फ्रांस के लूमो शहर से करेगा। इसके बाद 21 से 30 मार्च तक फ्रांस के रैन शहर में आयोजित इंडिया फेस्टिवल में हिस्सा लेगा। जहां भारत मुख्य अतिथि देश रहेगा। इस भव्य आयोजन में प्रतिदिन 20 हजार से अधिक दर्शकों के आने की संभावना है। इसके बाद धोद बैंड स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, रियूनियन आइलैंड, जर्मनी, इटली, फिनलैंड सहित विभिन्न देशों की यात्रा करेगा और वहाँ अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों से राजस्थान की कला व संस्कृति को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा।



गौरतलब है कि विदेशों में सांस्कृतिक राजदूत के नाम से पहचान रखने वाला धोद ग्रुप पिछले 24 साल में 119 देशों में 1 हजार 500 से अधिक कॉन्सर्ट्स कर चुका है। इस ऐतिहासिक यात्रा के राजस्थान भर से 700 से ज्यादा कलाकार गवाह रहे हैं, जो शादी विवाह में बजाते थे। रहीस भारती ने कहा कि धोद बैंड केवल संगीत समूह नहीं, बल्कि राजस्थान की आत्मा और भारत की सांस्कृतिक पहचान है। यह वर्ल्ड टूर धोद बैंड की गौरवशाली यात्रा में एक और ऐतिहासिक व स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। जिसमें राजस्थान की कला, संगीत और परंपरा को पूरी दुनिया तक पहुँचाया जाएगा।

# वीसी के माध्यम से राज्य स्तरीय आरोग्य मेले के निदेशक डॉ आनंद शर्मा ने अजमेर से ली बैठक




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये निदेशक डॉ आनंद शर्मा ने राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की विभिन्न समितियों की आयुष भवन प्रतापनगर में बैठक ली जिसमें समितियों के प्रभारियों से मेले के सफल संचालन हेतु विस्तार से चर्चा की गयी। एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए, मेले परिसर में सभी स्टॉल को सुव्यवस्थित तरीके से संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये!जिससे आयुष की समस्त पद्दतियों का लाभ जन सामान्य को मिल सके! विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं मेले के नोडल प्रभारी डॉ बत्ती लाल बैरवा ने बताया कि राज्य स्तरीय आरोग्य मेला जवाहर कला केंद्र में 1 से 4 मार्च तक आयोजित किया जायेगा जिसकी तैयारियां जोरो से चल रही हैँ। मेले के मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मण सैनी ने जानकारी दी कि विडिओ कॉन्फ्रेंस बैठक में डॉ. श्रीराम तिवाड़ी ओ. एस. डी. उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा परियोजना निदेशक आयुष मिशन, डॉ सीताराम शर्मा, रजिस्ट्रार इंडियन बोर्ड ऑफ़ मेडिसिन, डॉ रमेश गुप्ता सीईओ, प्लांटेशन बोर्ड, मेला सयोजक डॉ कमल चंद्र शर्मा, डॉ डॉ घनश्याम मीणा, उनिदेशक कैंप कार्यालय, डॉ पी एल मीणा, उपनिदेशक जयपुर-ब, डॉ सत्यनारायण शर्मा, उनिदेशक जयपुर-अ, डॉ मुख्तियार सिंह, रजिस्ट्रार नर्सिंग परिषद, डॉ समय सिंह मीणा सहायक औषधि नियंत्रक, अजमेर, डॉ अंशुमान जी सहायक निदेशक, डॉ उमेश शर्मा, डॉ लक्ष्मीनारायण शर्मा, औषधि निरीक्षक, अजमेर, होमियोपैथी से डॉ राजेंद्र आचार्य, सहायक निदेशक, यूनानी से डॉ लियाकत अली मंसूरी, एवं डॉ जगवंत बेनीवाल, डॉ. रविंद्र गौतम,डॉ. राजेश सैन,डॉ कल्पना, डॉ व्यंजना, डॉ स्वाति गोयल, डॉ शकुंतला इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम कि ऑनलाइन बैठक व्यवस्था रतन प्रजापति और योगेश कुमार, रिंकू टिक्कीवाल ने क़ी।

# उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व, शँख ध्वनि घण्टो की गूंज से गुंजायमान रहे शिवालय

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड जिले के बर्डोद महाशिवरात्रि के महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ शिवालयों पर जलाभिषेक, विशेष कर महिला श्रद्धालुओं अपने निवास स्थानों से जलकलश लेकर मंगल गीत गाते हुए, शियालय मंदिरो तक यात्रा की साथ भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना कर, फल फूल अर्पित किए, साथ ही शिवालयों पर जलाभिषेक किया। जिसके कारण शिवालयों पर महिलाओं की जमकर भीड़ रही। मन्दिरो पर विशेष सजावटकर, भजनो के माध्यम से बाबा की महिमाओं का गुणगान किया गया। श्रधालुओं की भक्ति भाव के रहते मंदिरों में भोलेनाथ के जयकारों से लेकर शँख ध्वनि व घण्टो की गूंज से गुंजायमान बने रहे शिवालय। साथ ही मन्दिरो में परसादी वितरण की गई। इस दौरान पंचमुखी बड़ा महादेव मंदिर भैरुजाट मंदिर नालपुर शिवालय गोगाजी मंदिर, सहित क्षेत्र के शिवालय मन्दिरो में श्रद्धालुओं का जमावड़ा बना रहा।



# सात दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन जारी

बढ़ता राजस्थान

## 05 दिनों में कुल 288 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन मोहनपुरा, राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल कोटपूतली व जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) जयपुर के आर्थिक सहयोग से ग्राम नारेहड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय निन्शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के 05 वें दिन बुधवार को डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, कोटा के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधीर गुप्ता, सीएमओ अल्ट्राटेक सीमेंट डॉ. विनय वर्मा, सी.एस.आर डिप्टी मैनेजर राजेन्द्र कुशवाहा, सुरक्षा अधिकारी सौरभ पचेरा द्वारा मरीजों को फल वितरित किये गये। शिविर में 05 दिनों में 587 पुरूष व 496 महिलाओं समेत कुल 1083 मरीजों की आंखों की जांच कर दवाईयां वितरित की गई है। जिनमें से 332 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया एवं 288 मरीजों का मोतियाबिन्द का सफल ऑपरेशन किया गया है। शिविर में मरीजों के रहने व खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है। साथ ही मरीजों को गांव से लाने व ऑपरेशन के पश्चात् पुन: गांव में वापस उनके घर छोड़ा जा रहा है। शिविर में कोटा के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता की टीम से गिरिराज गोचर, सीताराम पंकज, अनिकेत वर्मा, हर्षाली श्रीवास्तव, खुशी मीणा, प्रियंका प्रजापत, नेहा प्रजापति आदि की सेवायें ली जा रही है।



इस दौरान विजय यादव, देशराज कसाना, अशोक सुरेलिया, महावीर सैनी, सतेन्द्र खत्री, आसकरण योगी, संजय यादव, दीपक योगी, रामसिंह, हरिकिशन शर्मा, सीताराम जाट, ईश्वर सिंह यादव समेत स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान राज्य स्काउट व अनेक स्वयंसेवक अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है।

# सैन समाज की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजमार्ग पर ग्राम पूतली स्थित श्री सैन मंदिर में बैध श्यामलाल सैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस मौके पर श्री सैन मंदिर समिति का रजिस्ट्रेशन होने पर समिति सदस्यों ने मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया। श्री नारायणी सेना अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन ने बताया कि राज्य सरकार के सहकारिता विभाग ने प्रमाण पत्र जारी किया है। वित्तीय सलाहकार बनवारी लाल सैन ने बताया कि श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान समिति का रजिस्ट्रेशन समिति सचिव ओमप्रकाश सैन के अथक प्रयासों से किया गया। रामुतार सैन बेरी के निर्देशन में समिति का गठन किया गया था। जिसमें अध्यक्ष नेतराम सैन रामपुरा, सचिव ओमप्रकाश सैन कोटपूतली, कोषाध्यक्ष भम्भुराम सैन कोटपूतली को मनोनीत किया गया।

मंदिर अध्यक्ष वेदप्रकाश ने कहा की अब समिति में आजीवन 51 सदस्य होंगे, समिति का कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा। मंदिर संचालन के लिये समय-समय पर सदस्यों में से समिति के चुनाव करवाये जायेगें। नवनियुक्त समिति सदस्यों ने कार्यभार संभाला और कार्य विभाजित किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि समाज को नई दिशा देने का कार्य करेंगे और समाज से जुड़े मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान छीतरमल, परगना प्रधान रामकिशन, संजय सैन, मालाराम सैन, सतबीर सैन, ओमप्रकाश सैन, योगेश सैन, दिनेश सैन, हिरालाल सैन, कृष्ण सैन, भोलाराम सैन, अजय सैन समेत अन्य मौजूद रहे।




VARDHAMAN
DENTAL HOSPITAL

Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290

Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253

Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy



Dental Laser | Digital X-ray(RVG) | Fix Braces | Zirconia Crowns

• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur


# फुलेरा में शिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स)।** फुलेरा में शिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में अल सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर दिन भर हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों के साथ विभिन्न शिवालयों, मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। कई मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गुरूवार से आयोजित होंगे शिविर

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गुरूवार से शिविर आयोजित किये जायेगें। कोटपूतली एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के तहत 27 फरवरी से 01 मार्च तक तहसील कोटपूतली की ग्राम पंचायत गोरधनपुरा, पवाना अहीर, कुजोता, देवता, बनार, कंवरपुरा में, तहसील बानसूर की ग्राम पंचायत बाबरिया, बुटेरी, कल्याणपुरा, भूपसेड़ा, गूंता, माजरा अहीर में, तहसील बहरोड़ की ग्राम पंचायत गादोज, बूढ़वाल, शेरपुर, रिवाली, पहाड़ी, तसींग में, तहसील पावटा की ग्राम पंचायत भोनावास, पांछूडाला, दांतिल, खेलना, लाडा का बास, बडनग़र में, तहसील नीमराना की ग्राम पंचायत कायसा, अकलीमपुर, गुगलकोटा, डूमरोली, श्रीपानी, कोलिला जोगा में, तहसील नारायणपुर की ग्राम पंचायत बासदयाल, खरखड़ी कलां, अजबपुरा, विजयपुरा, नीमुचाना, नयावास में, तहसील विराटनगर की ग्राम पंचायत बागावास अहिरान, छीतोली, नौरंगपुरा, भामोद, किशनपुरा एवं पापडा, तहसील मांढ़ण की ग्राम पंचायत डाबड़वास, महतावास, उडियाकलां, परतापुर में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## कार्यालय उप वन संरक्षक, टोंक

जखीरा नर्सरी परिसर, सवाई माधोपुर रोड, टोंक दूरभाष नं. 01432-254479 Email: dcf.tonk.forest@rajasthan.gov.in

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender are invited from eligible contractors/firm for various forestry works/Goods at forests as following:

| क्र.स. | UBN Number:- | NIB Code | Estimate Cost | Start Date | End Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FOR2425WSOB04679 | FOR2425A3281 | 8.79500 Lac. | 28-02-2025 | 28-02-2025 |

Tender can be seen downloaded at www.sppp.rajasthan.gov.in &

उप वन संरक्षक
टोंक

## भारत विकास परिषद कपासन के निर्विरोध निर्वाचन में भगवतीलाल सोमानी अध्यक्ष नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद कपासन का बुधवार को भाविप सदस्यों द्वारा निर्विरोध निर्वाचन किया गया।जिसमे भगवतीलाल सोमानी को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। भारत विकास परिषद सदस्य कमल कुमार दाधीच ने बताया कि 25 फरवरी मंगलवार रात्री मे प्रांतीय पर्यवेक्षक प्रभुलाल टेलर के सानिध्य में नगर के बस स्टेंड स्थित रामलालजी सोमानी धर्मशाला में भारत विकास परिषद कपासन का वार्षिक निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ।जिसमे अध्यक्ष पद पर भगवतीलाल सोमानी,सचिव नन्दलाल बोहरा एवं कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र विजयवर्गीय को निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद सदस्य बादशाह सिंह,मुरलीमनोहर जोशी,महेंद्रमोहन दाधीच,रोशनलाल विजयवर्गीय,अशोक गौड़,घनश्याम विजयवर्गीय, मांगीलाल बंजारा,सुरेश बापना,रतनलाल सोनी, रतनलाल आचार्य,गोपाललाल सुथार आदि भारत विकास परिषद कपासन के सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध ऊंटों की तस्करी करते एक ट्रक को पीपलाज टोल प्लाजा के पास से पकड़ा, ट्रक चालक फरार हुआ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जैसलमेर के लाठी गांव से अवैध रूप से ऊंटों को ट्रक में भरकर ले जाने का प्रयास विफल हो गया जब ब्यावर के पीपलाज टोल प्लाजा पर एक संदिग्ध ट्रक को रोक लिया गया। वंदे गौ-मातरम चैरिटेबल ट्रस्ट के व्यवस्थापक विवेक कुमावत को सूचना मिली कि एक आयशर ट्रक में 13 ऊंटों को क्रूरता पूर्वक ठूंसकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही विवेक कुमावत अपने दो साथियों के साथ उदयपुर रोड चुंगी नाके पर ट्रक की निगरानी करने लगे।जैसे ही संदिग्ध ट्रक वहां से गुजरा, उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और तेजी से निकल गया। तत्परता दिखाते हुए विवेक ने अपने अन्य साथियों को फोन कर पीपलाज टोल प्लाजा पर सतर्क कर दिया। जब ट्रक वहां पहुंचा, तो चालक ट्रक छोड़कर भाग गया।

### क्रूरता की हद-ऊंटों के मुंह बंधे, आंखों से निकल रहा था खून

जब ट्रक को सदर थाने लाया गया और ऊंटों को बाहर निकाला गया, तो दृश्य बेहद दर्दनाक था। ऊंटों के मुंह कसकर बंधे हुए थे, उनकी आंखों से खून बह रहा था, और कई घायल अवस्था में थे। थाने के सामने स्थित एक गौशाला में उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी देखभाल शुरू की गई।

### तस्करी या कत्ल के लिए ले जाए जा रहे थे ऊंट

पुलिस ने ट्रक चालक अंसार खान पुत्र वाहिद खान (जाति मेव) से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक करौली की ओर जा रहा था। पुलिस को संदेह है कि ऊंटों की तस्करी कर उन्हें काटने के लिए ले जाया जा रहा था।

### मामला दर्ज, जांच जारी


सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। साथ ही, गौशाला में ऊंटों की देखभाल की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस अवैध तस्करी के पीछे कोई बड़ा गिरोह तो नहीं है।

### क्या कहते हैं पशु संरक्षण अधिनियम

गौरतलब है कि ऊंटों की तस्करी और क्रूरता से उनके परिवहन पर कड़े कानून लागू हैं। यदि इस मामले में दोष सिद्ध होता है, तो संबंधित अपराधियों को कड़ी सजा हो सकती है।

### समाज को सतर्क रहने की जरूरत

यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि पशु तस्करी का गोरखधंधा अभी भी सक्रिय है और इसे रोकने के लिए नागरिकों को सतर्क रहना होगा। इस कार्रवाई में वंदे गौ-मातरम चैरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने 13 बेजुबान ऊंटों की जान बचा ली, लेकिन जरूरत है कि ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह से लगाम लगाई जाए।



# महाशिवरात्रि पर कपासन क्षैत्र के समस्त शिवालयों पर आकर्षक रंगबिरंगी साज सज्जा सहित महादेव के जयकारे गुंजायमान रहे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** अखंड ब्रह्मांड के राजा शक्तिपति शिव जी के प्रति भक्तों की अपार भक्ति एवं आराधना के महापर्व महाशिवरात्रि को समूचे ग्रामीण अंचल एवं नगर कपासन क्षेत्र में बुधवार को शिवशंभू भोलेनाथ की पूजा-अर्चना एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्ष एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया।

जानकारी अनुसार अखंड ब्रह्मांड के राजा देवो के देव महादेव की भक्ति एवं आराधना के महापर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर कपासन क्षेत्र में स्थित समस्त शिवालयों पर भक्तो एवं श्रद्धालुओं द्वारा रंगबिरंगी आकर्षक विद्युत एवं फूल-मालाओं के साथ साज-सजावट की गयी।साथ ही समस्त शिवलायो पर दिनभर शिवजी की पूजा-अर्चना हेतु भक्तो का जमावड़ा बना रहा तथा सांयकाल भक्तो एवं श्रद्धालुओं में शिवशंभू भोलेनाथ की महाआरती बाद प्रसाद का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि राजाधिराज शक्तिपति शिव जी की भक्ति एवं आराधना के महापर्व महाशिवरात्रि पर नगर कपासन में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह से ही महादेव की पूजा-अर्चना हेतु भक्तो की रेलमपेल शुरू हो गयी।जिसमे महिलाएं,पुरुष,युवा,बुजुर्ग बच्चे सभी कतारबद्ध श्री सोमेश्वर महादेव के आकर्षक दर्शनार्थ अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।इस दौरान शिवभक्तों में देवो के देव महादेव शिवशंभु भोलेनाथ के जयकारे गुंजायमान रहे। महाशिवरात्रि महापर्व पर भक्तो द्वारा अलसुबह से ही श्री सोमेश्वर महादेव को जलाभिषेक,दुग्धाभिषेक सहित बिल्व पत्र, दही,शहद, चंदन,धतूरा,भांग,इत्तर,फूल,माला,अगरबत्ती , अबीर गुलाल आदि अर्पित कर घर परिवार एवं क्षेत्र हेतु खुशहाली की कामना की गयी।महापर्व महाशिवरात्रि पर भक्तो द्वारा स्वेच्छिक व्रत उपवास के साथ भी शिवजी की आराधना की गयी। यहां क्षैत्र मे स्थित मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर,श्री सांडेश्वर महादेव ताणा सहित नगर में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर,सांवलिया महादेव मंदिर, गोपालद्वारा,कावड़ीया मंदिर,मोक्षधाम महाकाल मंदिर, जेलेश्वर महादेव,पीपलेश्वर महादेव,नाथेश्वर मंदिर उपनगरीय बस्ती भूपालखेड़ा,मंशापूर्ण महादेव मेवदा कॉलोनी,बस स्टेंड संतोषी माता मंदिर बड़ेश्वर महादेव, गुलाब सागर किनारे नंदेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों पर महाप्रभु शिवजी के दर्शनों हेतु भक्तो एवं श्रद्धालुओ की कतारबद्ध रेलमपेल बनी रही।साथ ही फूल-मालाओं एवं रंगबिरंगी विद्युत सजावट से सजे क्षैत्र के समस्त शिवालय श्रद्धालुओ के मन को हर्षित करते हुवे आकर्षण का केंद्र बने रहे।



इसके उपरांत सांयकाल समस्त शिवालयों पर अखंड ब्रह्मांड के राजा देवो के देव महादेव को आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार कराया तथा महाआरती के साथ शिवशंभू भोलेनाथ को भोग धराकर भक्तो एवं श्रद्धालुओं में साबुदाने की खीर-खिचड़ी,मिश्री,मेवा, फल आदि प्रसाद का वितरण किया गया।

## शिवरात्रि के अवसर पर एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**आबिद हुसैन ( चौमहला )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के आइस फैक्ट्री मैदान में शिवरात्रि के अवसर पर एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन मंगलवार रात्रि को किया गया। जिसमे सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा ने सुमधुर भजनों की पर श्रद्धालुओं को जमकर झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीराम आइस फैक्ट्री मैदान में रात्रि 8.30 बजे शुरू हुई भजन संध्या देर रात्रि तक चली,भजन संध्या में भजन गायक गोकुल शर्मा ने अपनी मधुर सुरीली आवाज में गाड़ियां गाड़ियां और होटला पर नाम लिखियों सांवरिया को,श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम जैसे भजनों पर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया, सांवरिया नाम की मोड चाय जियो दुनिया करोड़ भजन शुरू होते ही श्रद्धालु जमकर झूमने लगे,भजन गायक ने एक से एक बढ़ कर भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को श्याम मय कर दिया,भजन संध्या देर रात्रि तक चली,शयन आरती के साथ भजन संध्या का समापन हुआ।

भजन गायक के मंच पर आने से पूर्व कार्यक्रम की शुरुवात में पंडित विनोद प्रधान ने श्रद्धालुओं को भजन सुना कर श्रद्धालुओं को बांधे रखा। इस अवसर पर सांवरिया सेठ की झाकी भी सजाई गई। भजन संध्या में चौमहला गंगधार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।चौमहला के इतिहास में पहली बार भजन संध्या में भारी भीड़ रही। इस अवसर मुख्य अथिति के रूप में सुसनेर विधायक भेरूसिंह परिहार ,विनीत पोरवाल जिला अध्यक्ष गोरक्षक रहे। भजन संध्या में बैठने के लिए महिला पुरुषों के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई।

### माकूल पुलिस व्यवस्था

भजन संध्या को लेकर पुलिस ने माकूल व्यवस्था की गई झालावाड़ से आया अतिरिक्त पुलिस जाप्ता जगह जगह तैनात रहा,उप पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश अटल,गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी,डग थानाधिकारी पवन मीणा,उन्हैल थानाधिकारी रामकरण कटारिया,मय जाप्ता के मौजूद रहे,कार्यक्रम में व्यवधान नहीं हो इसके लिए मुख्य द्वार से पूर्व दोनों ओर बैरीकेट लगाकर दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया।आयोजन समिति अमन मेहता,अंशुल शर्मा,ऋषभ जैन, विभोर कटारिया ,भव्य गुप्ता, नितेश जैन,सुप्रीम जैन,शेलू मोदी,राहुल सिंह ने पुलिस प्रशासन व श्रद्धालुओ का आभार व्यक्त किया।

## ब्लॉक वाकपीठ में प्रधानाध्यापक माधवलाल बैरवा राशमी ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ब्लॉक स्तरीय प्रधानाध्यापक वाकपीठ राजकीय-निजी कार्यकारिणी में राशमी ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर क्षेत्र के भजन गायककार माधवलाल को मनोनीत किया गया है।जिससे क्षैत्र एवं शिक्षक वर्ग में हर्ष व्याप्त है।यहां उक्त पद पर माधवलाल बैरवा का मनोनयन दो दिवसीय सत्रांत वाकपीठ के अवसर पर किया गया। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त ब्लॉक स्तरीय प्रधानाध्यापक वाकपीठ राशमी ब्लॉक उपाध्यक्ष माधवलाल बैरवा प्रधानाध्यापक होने के साथ भजन गायककार तथा समाजसेवी रूप में सदेव क्षैत्र में सक्रिय रहे है।उक्त मनोनयन से शिक्षक वर्ग एवं क्षैत्रवासियों में हर्ष सहित भजन गायककार माधवलाल बैरवा को बधाई एवं शुभकामनाएं देने का क्रम बना रहा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पर शिवरात्रि का पर्व मनाया

बढ़ता राजस्थान

**आबिद हुसैन ( चौमहला )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पर बुधवार को शिवरात्रि का पर्व मनाया गया,जिसमे बड़ी संख्या में भाई बहिनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति जिला केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मीना दीदी रही विशिष्ट अथिति के रूप में सरपंच प्रतिनिधि अशोक भंडारी,अंजुमन कमेटी सदर अमजद अली,बम बोल कावड़ यात्रा संघ अध्यक्ष कालू राठौर रहे।कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित कर की गई । इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी मीना दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व प्रकाश डालते हुए कहा शिव त्रिलोक नाथ है शिव के संपर्क में आने से हमारा कल्याण होता है तथा दुर्गति का नाश होता है हमें अपने जीवन में आए 5 विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, और अहंकार को नष्ट कर अज्ञानता अंधकार से उज्वल की ओर बढ़ना है, इंसान विषय विकारों का नाश कर परमात्मा में लीन रहकर ,घर में गृहस्थ जीवन में रह कर सुख शांति प्राप्त कर नर से नारायण ,नारी से लक्ष्मी बन सकता है यह समय परिवर्तन का है हमें अपने जीवन को सफल बनाना है तो कुछ समय साधना में लगावे। स्थानीय केंद्र प्रभारी गीता दीदी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिव जी की आकर्षक झाकी सजाई गई साथ ही संस्था पर शिव ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश पंजाबी,सुरेंद्र कालरा,देवेंद्र जैन,पवन सिंह शेखावत,दुर्गाशंकर नायक,अशोक मीणा,मुकेश शर्मा,मुकेश पोरवाल,प्रताप सिंह,ध्रुव शेखावत सहित बड़ी संख्या ने भाई बहिन मौजूद रहे।

2 दिवस सर्वोदय संकल्प शिविर शुरू

## सर्वोदय व स्वराज से ही अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान संभव : सी.बी. यादव



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पंचायती राज संगठन का दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प आवासीय शिविर बुधवार को शगुन मैरिज गार्डन बूंदी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पूरे बूंदी जिले सहित आसपास के जिलों के कांग्रेस जन भी शामिल रहे। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीबी यादव ने देश में वैचारिक संघर्ष स्वराज एवं सर्वोदय के विचारों को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि देश में दो विचारधाराओं का संघर्ष नया नहीं है। संविधान के निर्माण के समय जो स्वराज व सर्वोदय का सपना देखा गया था वह केवल संवैधानिक मूल्यों को जमीन पर उतारने से संभव हो सकता है। शिविर में संगठन प्रभारी रीना वाल्मीकि ने कहा कि सर्वोदय व स्वराज के विचारों को कांग्रेस की नीति सिद्धांतों के साथ कार्यक्रमों के माध्यम से घर-घर पहुंचाने पर बल दिया जाना चाहिए। शिविर में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि पंचायती राज संगठन पूरे देश में कांग्रेस की मूल विचारधारा को प्रदर्शित करता है। यह संगठन केवल राजनीति तक ही सीमित ना होकर सामाजिक व एक दूसरे में विश्वास की भावना को बल देने का भी कार्य करता है। समाज की लाइन में अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस की नीति रीति व विचारधारा पहुंचाने का यह संगठन का मूल कार्य है। पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि यह सर्वोदय संकल्प शिविर आप और हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में गांधी के सर्वोदय मंत्र से ही अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान संभव है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बूंदी जिला अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया कि शिविर में बूंदी जिले सहित अन्य जिलों के पंचायती राज एवं नगर निकायों सहित कांग्रेस के निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। जिससे जिले में कांग्रेस को नया बल मिलेगा। प्रशिक्षण में कुल लगभग 200 पंचायती राज एवं नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण शिविर में संभाग प्रभारी दशरथ मीणा, संगठन टोंक जिला अध्यक्ष नरेश मीणा, झालावाड़ जिला अध्यक्ष झोरावर सिंह, बूंदी प्रभारी कुलदीप चौधरी, बूंदी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकरण मीणा, तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश सोनी, संगठन ब्लॉक अध्यक्ष तालेड़ा बाबूदिन, पूर्व प्रधान मधु वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा, पूर्व प्रधान रामनारायण बैरवा, जिला उपाध्यक्ष मीणा चेतराम मीणा, बाबूलाल वर्मा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष संजय श्रृंगी सहित अन्य कांग्रेस जन सम्मिलित रहे।

## रीट 2024 परीक्षा : ब्यावर में 17 केंद्रों पर 13,734 अभ्यार्थी सख्त निगरानी में होगी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिले में रीट 2024 परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी 2024 को दो पारियों में तथा 28 फरवरी 2024 को एक पारी में किया जाएगा। परीक्षा 17 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी, जिसमें कुल 13,734 अभ्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकग्निशन और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## 11000 वॉट की बिजली लाइन काटने के विवाद में महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** झाक की नाड़ी बानोला में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां 11000 वॉट की विद्युत लाइन चोरी करने के मामले में हुए विवाद के बाद एक महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झाक की नाड़ी बानोला निवासी आजाद पुत्र अलादीन ने बताया कि 26 फरवरी 2025 को सुबह करीब 10.15 बजे उसके घर के सामने से गुजर रही 11000 वॉट की विद्युत लाइन के तारों को इब्राहिम पुत्र साबुदीन, नफीस पुत्र साबुदीन व पुनिया पुत्र साबुदीन चोरी कर



रहे थे। जब उनकी पत्नी ने इस कृत्य का विरोध किया और शोर मचाया, तो उक्त लोग कुछ अन्य लोगों को फोन कर बुला लाए। इसके बाद तीनों आरोपियों सहित 3-4 अन्य लोग एक राय होकर उनके घर में घुस आए और उनकी पत्नी के साथ अश्लील गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने महिला के साथ धक्का-मुक्की की, उसके सिर से ओढ़नी खींची और उसे जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद जान से मारने की नीयत से उसकी पत्नी के सिर पर धारदार कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसके सिर से खून बहने लगा।पत्नी की चीख-पुकार सुनकर जब आजाद बचाव के लिए आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे उनके हाथ, पैर और कंधे पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसके सिर में 14-15 टांके लगाए। वहीं, पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी अभी भी अस्पताल के बाहर धारदार हथियारों के साथ घूम रहे हैं, जिससे वे डरे हुए हैं। पीड़ित आजाद ने पुलिस थाना ब्यावर सदर में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

## महाशिवरात्रि पर बुराइयां छोड़ने का लें व्रत-बीके रजनी दीदी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच) ।** बूंदी के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बाहरली बूंदी स्थित स्थानीय सेवा केंद्र के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर केकड़ी जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा सेवा केंद्र प्रभारी रजनी दीदी, गीता दीदी भारती दीदी अलका दीदी आशा दीदी मनीषा दीदी ने शिव ध्वज लहराया । महाशिवरात्रि कॉपर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व की सभी को हार्दिक बधाई देते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने बताया महाशिवरात्रि पर्व पूरे भारतवर्ष में ही नहीं अभी तो विदेश तक भी बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। भारतीय जन-मानस में यह मान्यता है कि शिव में सृजन और संहार की क्षमता है। उनकी यह भी मान्यता है कि शिव 'आशुतोष' हैं अर्थात् जल्दी और सहज ही प्रसन्न हो जाने वाले हैं। इसी भावना को लेकर वे शिव पर जल चढ़ाते और उनकी पूजा करते हैं। धतूरा - विकार का, बेर- नफरत घृणा का और बेलपत्र - बुराइयों का प्रतीक है। अतः हमें परमात्मा शिव पर विकारों, विषय-वासना एवं बुरी आदतों को चढ़ाना चाहिए अर्थात् त्याग करना चाहिए। वास्तव में, शिवरात्रि वर्तमान कलियुग के अन्त और सतयुग के प्रारम्भ में बीच के समय 'संगमयुग' का नाम है, जब स्वयं निराकार परमपिता शिव, साकार मानव-तन प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर मनुष्यात्माओं से विकारों और बुराइयों का, ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर त्याग कराते हैं । अतः शिवरात्रि पर विकारों एवं बुराइयों से व्रत रखें। रात्रि जागरण का आध्यात्मिक रहस्य यह है कि परमात्मा शिव के वर्तमान समय के अवतरण के काल में हम अपनी आत्मा की ज्योति को जगायें, अज्ञान - निद्रा में सो न जायें।

# महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ के मंदिरो पर उमड़ी श्रद्धा, भोले के जयकारो से गूंजे शिवालय

## भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार के साथ किया गया अभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** फागुन मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भगवान भोलेनाथ का माता-पार्वती के साथ शुभ विवाह हुआ था। ऐसे में इस दिन महाशिवरात्रि मनाई जाती है। जिसको लेकर बुधवार को शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिव मंदिरों पर श्रद्धा का सैलाब देखा गया। बाड़ी शहर में जहां हर महादेव मंदिर पर दिनभर श्रद्धा उमड़ी रही वही बसेड़ी रोड पर भूतेश्वर महादेव पर मेला भरा। जिसमें गंगाजल के साथ भोले को स्नान कराया गया। वही भोले के प्रिय बेलपत्र,आक,धतूरा और भांग का प्रसादी लगाई गई।

**बालेश्वर और कमलेश्वर महादेव मंदिर पर उमड़ी श्रद्धा :** शहर के बालेश्वर और कमलेश्वर महादेव मंदिर पर सबसे अधिक भीड़ दिखाई दी। बालेश्वर मंदिर के पुजारी छीत्तो शर्मा ने बताया कि यह मंदिर सैकड़ो वर्ष पुराना है। इस ऐतिहासिक मंदिर की ख्याति दूर दराज तक फैली हुई है। यहां जो भी भक्त सच्चे मन से पूजा अर्चना कर मनौती मागता है भगवान भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कमलेश्वर महादेव मंदिर पर भी सुबह से महिलाओ की खासी भीड़ जमा रही। मंदिर पहुंच रही अपार भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार निरीक्षण किया गया। शाम को बाबा भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार के साथ अभिषेक किया गया।

**पार्वती किनारे भूतेश्वर महादेव पर भी उमड़ी श्रद्धा :** वही दूसरी और पार्वती नदी किनारे भूतेश्वर महादेव मंदिर पर भी श्रद्धा उमड़ी हुई है। यहां ग्राम पंचायत द्वारा तीन दिवसीय मेला लगाया गया है। जिसमें सुरक्षा को लेकर भी पुलिस के अधिकारी और जवान तैनात हैं। उक्त मेले में भी श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है और बाबा भोलेनाथ को गंगाजल के अभिषेक के साथ श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है।

**शहर में भी मंदिरों पर दिखाई दे रही रौनक :** वही बाड़ी शहर में भी भोलेनाथ के मंदिरों पर रौनक दिखाई दे रही है। शहर की पुराना बाजार स्थित पाताल देवी महादेव मंदिर,बनखंडी महादेव मंदिर,मनोहर दास महादेव मंदिर के साथ रामेश्वर महादेव मंदिर,पतली हनुमान मंदिर पोद्दार बगीची के साथ तुलसी वन रोड स्थित मानस भवन बम-बम बाबा मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का पहुंचना जारी रहा और भोलेनाथ को सिंघाड़े की लापसी और आलू के हलवा और पंचामृत से अभिषेक के साथ भोग लगाया गया।

# चिलाचांद गांव में खेत पर कार्य करते समय मां के साथ आया आठ वर्षीय मासूम गिरा कुए में

## कुएं पर पानी पीने के दौरान हुआ हादसा, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के चिलाचोंद गांव में खेत पर कार्य करते समय मां के साथ आया एक 8 वर्षीय मासूम पैर फिसलने से कुएं में जा गिरा। जब तक ग्रामीण उसे निकाल पाते उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और आंगई थाना पुलिस अचेत बालक को लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की बाद परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में आगई थाना पुलिस ने मृतक बालक के शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार चिलाचोंद गांव निवासी वीरवती पत्नी मलखान जाटव अपने 8 वर्षीय पुत्र अमन के साथ गांव से करीब एक किलोमीटर दूर अपने खेतों पर फसल में पानी देने आई थी। इस दौरान उसके परिवार के अन्य लोग भी पास स्थित अपने खेतों में पानी दे रहे थे। दिन में करीब एक बजे हुई उक्त घटना में 8 वर्षीय अमन अचानक से कुएं पर चल रहे इंजन से पानी पीने चला गया। इस दौरान जैसे ही उसने इंजन की पाइप को निकाला तो अचानक से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधा कुएं में जा गिर। जैसे ही बालक के कुएं में गिरने की आवाज हुई मां वीरवती दौड़ते हुएबआई और आसपास से अपने पारिवारिजनों को चिल्लाकर बुलाया। करीब आधा घंटे में बालक को ग्रामीणों ने कुएं में से निकाल लिया लेकिन तब तक वह अचेत हो गया। इस दौरान सूचना पर आई आगई थाना पुलिस की जीप से बालक को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आंगई थाना अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि चिलाचोंद गांव में कुएं पर इंजन से पानी पीने के दौरान उक्त हादसा हुआ है। 8 वर्षीय मासूम अमन की मौत हुई है। घटना के बाद परिवारीजनों की मौजूदगी में बालक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। बालक के पिता मलखान कोटा में मजदूरी करते हैं। जिन्हें सूचना दे दी गई है। बालक के पिता के आने पर परिवरीजन रिपोर्ट देंगे। पंचनामा के आधार पर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अमन के ताऊ बाबूलाल ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। अमन के पिता मलखान बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। अमन चार बच्चों दो लड़के दो लड़कियां में तीसरे नम्बर का था जो दूसरी कक्षा में पढ़ता था।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, धर्मेटा में 25 टीमो के बीच हुए रोचक मुकाबले जीत के साथ जीवन में विनम्रता हो, हार से निराश न होकर संघर्ष दुगुना करे : पालीवाल

### गोरकिया क्लब चिताम्बा विजेता व धर्मेटा उपविजेता

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** शहर के निकटवर्ती राजसमंद पंचायत समिति की पिपलांत्री पंचायत में भैरुनाथ क्लब धर्मेटा द्वारा आरके राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान में जिला स्तरीय तीन दिवसीय रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दुधिया रौशनी में रात एक बजे तक चला। ज्ञात हो धर्मेटा के ग्रामीण युवा मंडल द्वारा खेलो के माध्यम से युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ने और टीम वर्क की तरह समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए यह आयोजन हुआ। आयोजन से जुड़े देवनारायण पालीवाल (श्रीनाथ) ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत के साथ जीवन में विनम्रता हो, हार से निराश न होकर अपने संघर्ष को दुगुना करे। प्रतियोगिता में राजसमंद, कुंवारिया, रैलमंगरा, नाथद्वारा, खमनोर, देलवाड़ा, कुंभलगढ़, आमेट, देवगढ़ व भीम क्षेत्र के 25 गाँवो की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मेहजबान बीएन क्लब धर्मेटा वर्सेज गोरकिया क्लब चिताम्बा के मध्य हुआ। पहले सेट में धर्मेटा विजय रही जबकि दूसरा व तीसरा सेट जीत गोरकिया क्लब चिताम्बा ने विजय प्राप्त की। फाइनल मैच देर रात्रि एक बजे तक चला। विजेता व उपविजेता टीमों को मोमेंटो व इकलाई से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवनारायण पालीवाल, भगवतीलाल पालीवाल, लक्ष्मीनारायण पालीवाल, मांगीलाल पालीवाल, कमलेश पालीवाल, अशोक, अजय, मांगीलाल, हितेश, दीपक, राकेश, संजय, दीपक, नीलेश, मोहित, गौरव, चंदू, कल्पेश,लव, कुश, रजत, सहित गाँव के वरिष्ठ व युवाओं ने आयोजन की सफल व्यवस्थाओं को संभाले रखा।

### मैच खेल घर वापसी पर दिखा पैंथर

भैरुनाथ क्लब धर्मेटा द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता से सेमीफाइनल मैच खेल घर लौट रही आमेट क्षेत्र के सियाणा गाँव की टीम को धर्मेटा से पुठोल जा रही रोड़ पर पैंथर से सामना हुआ। पैंथर जंगल से निकल कर सड़क के दूसरी तरफ जा रहा था। गनीमत रही कि चौपहिया वाहन होने से कोई जन हानि नहीं हुई व सियाणा के खिलाड़ियों ने पीछे से आरहे अन्य बाइक सवार खिलाड़ियों को तुरंत सूचना दी।

# आज से दो दिन होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा, शहर में बनाये तीन सेंटर

## गवर्मेंट कॉलेज और किला स्कूल के साथ बालिका विद्यालय में होगा पेपर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट को लेकर बाड़ी शहर में 3 सेंटरों पर परीक्षा का आयोजन गुरुवार से होने जा रहा है। तीन पारियों में यह परीक्षा 27 और 28 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बाड़ी शहर के तीन पारियों में 1240 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। हर केंद्र पर वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। हर परीक्षार्थी पर सख्त नजर रखने के लिए तमाम तरह के प्रयास किया जा रहे हैं ।परीक्षा आयोजन को लेकर ब्लॉक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने बताया कि इस परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर और माध्यमिक शिक्षा विभाग के डीईओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाड़ी शहर में तीन केंद्र बनाए गए हैं। धौलपुर रोड पर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज,बाड़ी सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला और बाड़ी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केंद्र रखे गए हैं। जहां तीन पारियों में 27 और 28 फरवरी को परीक्षा का आयोजन होगा। गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में जहां 472 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए नामित हुए हैं। वहीं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 408 और बालिका विद्यालय में 360 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पारियों में आयोजित होगी। प्रथम पारी सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक,दूसरी पारी 3 बजे से 5.30 बजे तक रखी गई है। प्रत्येक परीक्षा के लिए 1 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना जरूरी है। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# मेवाड़ा के दूसरी बार भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर माली महासभा ने किया स्वागत सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर प्रशांत मेवाड़ा का राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय पर उनका स्वागत सम्मान किया।

माली महासभा के जिला महामंत्री सत्यनारायण गुलगांवा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर प्रशांत मेवाड़ा का राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय पर उनका स्वागत सम्मान किया। माली महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली व जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली के नेतृत्व में माली महासभा के पदाधिकारियों एवं माली समाज के कई लोगों द्वारा मेवाड़ा का दुपट्टा पहना व मेवाड़ी पगड़ी बंधवाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

इसी अवसर पर एक मार्च को पुर में आयोजित होने वाले माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का भी मेवाड़ा को न्यौता दिया गया। इस अवसर पर मेवाड़ा ने माली महासभा के पदाधिकारियों एवं सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकत कर समाज की गतिविधियों के बारे में चर्चा की। साथ ही समाज की राजनीतिक सक्रियता की जानकारी लेते हुए कहा कि माली समाज को राजनीति में भी सक्रिय रहकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

इस अवसर पर फूले सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष शंकर गोयल, नानूराम गोयल, माली (सैनी) कर्मचारी अधिकारी संस्थान के सचिव कन्हैयालाल बुलिवाल, कालू माली, लालाराम माली, भंवर माली, सुखदेव माली, कैलाश माली सहित महासभा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के प्रदेशाध्यक्ष व शिक्षा मंत्री दिलावर ने उदयपुर स्थित राज्य मुख्यालय का अवलोकन किया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के राजस्थान राज्य के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उदयपुर दौरे पर आए राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर चेतक सर्कल स्थित राज्य मुख्यालय का निरीक्षण किया । वह आज महाशिवरात्रि पर उदयपुर दौरे पर थे । उन्होंने मुख्यालय पहुंच कर हिंदुस्तान स्काउट द्वारा राज्य में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं शिविरों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष को आगामी सत्र 25- 26 की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य मुख्यालय के भवन विस्तार की पर चर्चा की गई। दिलावर अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर दिन में 2 बजे राज्य मुख्यालय पहुंचे ।राज्य मुख्यालय पहुंचने पर उनका मेवाड़ी परंपरा अनुसार एवम गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत अभिनंदन किया गया। प्रदेश सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने मेवाड़ी पाग, राज्य संगठन आयुक्त आर डी गिल ने स्कार्फ पहना कर एवम सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने ऊपरना धारण करवा कर अभिनंदन किया, इस अवसर पर राज्य संगठन आयुक्त गाइड कविता जैन, संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया, जिला कॉर्डिनेटर देवीलाल गर्ग, जिला आर्जेनेजर शांता वैष्णव, जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र ओदिच्य, जिला प्रभारी नरपत सिंह, ट्रेनिग काउंसलर कमल यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर दिलावर का स्वागत किया। संभाग आयुक्त (जनसंपर्क) गौरीकांत शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व प्रात: 9.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजिडेंसी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के प्रदेश, संभाग व जिला स्तरीय पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष का स्काउट विधा से स्वागत अभिनंदन किया।

# घर के मुख्य द्वार पर अंदर और बाहर दोनों तरफ लगाएं भगवान गणेश जी की प्रतिमा : पंडित राधारमण शास्त्री

## -महावीर नगर द्वितीय में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** महावीर नगर द्वितीय स्थित श्री श्रीकंठ महादेव मंदिर में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में कथाव्यास पंडित राधारमण शास्त्री जी ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब पार्वती जी की विदाई होती है तो एक ब्राह्मण की पत्नी पार्वती जी को पति व्रत धर्म का ज्ञान देती हैं। जिसमें पति के बराबर आसान पर नहीं बैठने, पति से उंची आवाज पर बात नहीं करने, यदि पति के परदेस जाने पर श्रृंगार नहीं करने, पति के बिना कहीं यात्रा नहीं करने, अपने घर के दरवाजे पर ज्यादा देर तक खड़ी नहीं रहने, पति से पहले भोजन नहीं करने और पति से पहले शयन नहीं करने से धर्म का पालन करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि पुत्र का धर्म है कि वो किसी भी परिस्थिति में माता की आज्ञा का पालन करे। भगवान गणेश ने माता पार्वती की आज्ञा का पालन करने के लिए अपने पिता भगवान शिव को भी उनके कक्ष में जाने से रोक दिया था। जिससे क्रोधित होकर भगवान शिव ने गणेशजी का मस्तक काट दिया था। भगवान गणेश से हमें आज्ञाकारी पुत्र होने का संदेश मिलता है।

# महाशिवरात्रि पर सैंपऊ महादेव मंदिर में उमड़ी भीड़

## 700 साल पुराने शिवलिंग पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, चार राज्यों से पहुंचे भक्त

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के प्रसिद्ध सैंपऊ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। मंदिर में लक्खी मेले का आयोजन किया गया, जहां लाखों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर दूध, पंचगव्य, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सैंपऊ महादेव मंदिर धौलपुर जिले से 30 किलोमीटर दूर स्थित है। यह मंदिर मौर्य कालीन स्थापत्य कला का जीवंत उदाहरण है। इसे राम रामेश्वर भी कहा जाता है। यह मंदिर महाराजा भगवंत सिंह और उनके संरक्षक कन्हैयालाल राजधर की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग लगभग 700 वर्ष पुराना है। संवत 1305 में श्याम रतन पुरी को यहां झाड़ियों में दबा शिवलिंग मिला था। एक रोचक कथा के अनुसार, खुदाई के दौरान खंडित हुए शिवलिंग को मिट्टी से दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह मिट्टी में नहीं दबा। आठ फीट तक मिट्टी का ढेर लगाने के बाद भी शिवलिंग दिखता रहा। धौलपुर शहर के ऐतिहासिक चोपड़ा महादेव में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। यह मंदिर रियासतकाल में महाराजा द्वारा बनवाया गया था। कहा जाता है कि महाराजा प्रतिदिन यहां दर्शन कर अपनी दिनचर्या की शुरुआत करते थे। सैंपऊ महादेव मंदिर और चोपड़ा महादेव के साथ बसेड़ी के भूतेश्वर महादेव मंदिर और अचलेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से भक्तों की भी उमड़ी हुई है।

### दूर दराज से पहुंच रहे श्रद्धालु

ऐतिहासिक महादेव मंदिर पर राजस्थान समेत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं हरियाणा के श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वही हरिद्वार, सोरों एवं कर्णवास से कांवड़िये गंगाजल लेकर भगवान शंकर को अर्पित कर रहे हैं।

# अमेरिकन यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट पहुंचे बाल चिकित्सालय

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, ( नि.स. )।** स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बच्चों के स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति के बारे में जानने के लिए अमेरिकन यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स उदयपुर पहुंचे। महाराणा भूपाल चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन ने बताया कि स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत यह स्टूडेंट्स भारत में आते हैं। विभिन्न राज्यों का दौरा कर यहां की भाषा संस्कृति स्वास्थ्य की स्थिति, खानपान सभी के बारे में जानकारियां प्राप्त करते हैं। इसी के तहत बुधवार को डॉक्टर अंजना मैडम के सानिध्य में अमेरिका यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट बाल चिकित्सालय पहुंचे। डॉक्टर सुमन के नेतृत्व में सभी स्टूडेंट्स को उदयपुर आदिवासी संभाग से यहां आने वाले मरीज के स्वास्थ्य विषय पर चर्चा की। खासकर उन्होंने कुपोषण वार्ड का दौरा किया, जाना यहां के बच्चों में कुपोषण कैसा, महिलाओं की कैसी स्थिति है, स्वास्थ्य सेवाओं का किस तरह कैसे राज्य सरकार द्वारा निर्वहन किया जाता है। सभी के बारे में गहराई से बताया गया और बाद में पार्टिसिपेंट्स की बहुत सारी जिज्ञासा को शांत किया गया। इसी के साथ यहां की संभाग की विभिन्न स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां भी उनको प्रदान की गई कि किस तरीके से स्वास्थ्य के क्षेत्र में उदयपुर अग्रसर है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। यह प्रोग्राम हर वर्ष इंटरनेशनल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जाता है जिसकी टीम लीडर अर्चना मैम राबिया और जैद की देखरेख में संपादित किया जाता है। इस कार्यक्रम में वार्ड के रेजीडेंट डॉक्टर आई एम इंस्टिट्यूट से कुमारील अग्रवाल एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

# विक्की कौशल की फिल्म छावा को लेकर विवाद

## तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप, 100 करोड़ की मानहानि केस की धमकी

विक्की कौशल फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लेकिन अब फिल्म की कहानी को लेकर विवाद हो गया है। इसके खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का दावा करने की धमकी दी गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि फिल्म के मेकर्स ने इतिहास से जुड़े तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है।

### तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप

फिल्म मेकर्स पर आरोप है कि फिल्म छावा में गणोजी और कान्होजी नाम के दो किरदारों को गलत तरीके से पेश किया गया है। गणोजी और कान्होजी, संभाजी महाराज को धोखा देकर औरंगजेब के साथ मिलते दिखाए गए हैं। जिसको लेकर गणोजी शिर्के और कान्होजी शिर्के के वंशजों ने फिल्म का विरोध किया है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के अनुसार, गणोजी और कान्होजी शिर्के के 13वें वंशज लक्ष्मीकांत राजा शिर्के ने कहा कि उनके पूर्वजों को फिल्म में गलत तरीके से पेश किया गया है।

### डायरेक्टर को भेजा था कानूनी नोटिस

फिल्म की कहानी पर शिर्के परिवार ने आपत्ति जताई, उन्होंने कहा कि उनके पूर्वजों को बिना वजह नेगेटिव दिखाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 फरवरी को शिर्के परिवार ने छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर को एक कानूनी नोटिस भेजा। नोटिस में फिल्म के नैरेटिव को बदलकर इतिहास से जुड़ी गलतियों को हटाने की मांग की गई है। साथ ही शिर्के परिवार ने मेकर्स के खिलाफ 100 करोड़ के मानहानि का केस करने की धमकी दी है।

### डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने माफी मांगी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने नोटिस मिलने के बाद शिर्के परिवार के वंशजों में से एक, भूषण शिर्के से मुलाकात की। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि हमने फिल्म में इतिहास से जुड़े तथ्यों का काफी ध्यान रखा है। गणोजी और कान्होजी के गांव के नाम का जिक्र भी नहीं किया गया है। डायरेक्टर ने कहा- हमारा इरादा शिर्के परिवार को ठेस पहुंचाने का नहीं था। अगर फिल्म छावा से कोई भी परेशानी हुई है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

### फिल्म में बदलाव की मांग

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, लक्ष्मण उतेकर के माफी मांगने के बाद भी शिर्के परिवार इस बात पर अड़ा हुआ है कि फिल्म में बदलाव किए जाने चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो वे राज्य भर में इसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

### ट्रेलर रिलीज के बाद से ही विवादों में है छावा

फिल्म छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस ट्रेलर में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल को डांस करते दिखाया गया, जिससे कई लोग भड़क गए थे। इस मुद्दे पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जाहिर कर कहा था कि छत्रपति संभाजी महाराज को डांस करते हुए दिखाना बेहद गलत है। उन्हें लेजिम बजाते दिखाना फिर भी ठीक है, लेकिन उन्हें नाचते दिखाया गया है।






### 14 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म

फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज और रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी महारानी येसुबाई के किरदार में हैं। ये फिल्म राइटर शिवाजी सावंत की नॉवेल छावा का एडॉप्टेशन है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है, जबकि इसे मैडॉक फिल्म और दिनेश विजन ने प्रोड्यूस किया है। विक्की और रश्मिका के अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता, आशुतोष राणा, डायना पेंटी भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# मई के पहले मन्नत छोड़ेंगे शाहरुख खान

## परिवार के साथ बांद्रा में किराये के घर में रहेंगे, एक महीने का किराया 24 लाख



शाहरुख खान और उनकी फैमिली मन्नत को छोड़ने वाले हैं। शाहरुख अपनी फैमिली के साथ बांद्रा के एक लग्जरी अपार्टमेंट में शिफ्ट होंगे। पाली हिल बांद्रा के चार मंजिला लग्जरी अपार्टमेंट पूजा कासा का किराया हर महीने 24 लाख होगा। इस अपार्टमेंट में शाहरुख और उनका परिवार अगले 2 साल तक रहेगा। इस लग्जरी अपार्टमेंट को फिल्म प्रोड्यूसर वासु भगनानी ने बनाया है। इसका मालिकाना हक प्रोड्यूसर के बेटे जैकी भगनानी और बेटी दीपशिखा देशमुख के पास है। पूजा कासा अपार्टमेंट के लिए शाहरुख की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज और वासु भगनानी के बेटे जैकी भगनानी के बीच एग्रीमेंट साइन हुआ है। इस घर में शाहरुख और उनकी फैमिली के साथ उनकी सिक्योरिटी टीम और स्टाफ भी रहेंगे।

### मन्नत में बड़े लेवल पर होना है बदलाव

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मई महीने से मन्नत में रेनोवेशन और एक्सटेंशन का काम शुरू होने वाला है। मन्नत में बड़े लेवल पर बदलाव किया जाना है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो साल से मन्नत में रेनोवेशन का काम होना था। इस घर में दो फ्लोर्स और बनने वाले हैं, जिसके लिए गौरी खान को महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी से इजाजत भी मिल गई है। शाहरुख का ये आईकॉनिक बंगला ग्रेड-3 हेरिटेज स्टेट्स में आता है, जिसकी वजह से इसमें कोई भी बदलाव करने के लिए अदालत की परमिशन लेनी होती है।

### एक्टर को को रिफंड के तौर पर मिल सकते हैं 9 करोड़ रुपए

एक महीने पहले ही शाहरुख खान के बंगले को लेकर एक खबर आई थी कि उन्हें सरकार से रिफंड के तौर पर 9 करोड़ रुपए मिल सकते हैं। दरअसल, शाहरुख ने साल 2022 में एक याचिका दायर की थी कि उन्होंने बंगले की जमीन के लिए मुंबई उपनगरीय जिले के कलेक्टर को ज्यादा पैसे दिए हैं। दो साल बाद महाराष्ट्र सरकार ने एक्टर की याचिका को मंजूरी दी थी। अगर मंजूरी मिलती है तो शाहरुख खान को रिफंड के तौर पर लगभग 9 करोड़ रुपए मिल सकते हैं।

शाहरुख खान और गौरी खान का बंगला मन्नत बैंड स्टैंड, बांद्रा में है। पहले इस जमीन का ऑनर कोई और था, बाद में उसने ये जमीन शाहरुख खान को बेच दी थी। 2 हजार 446 स्क्वायर मीटर में फैली प्रॉपर्टी को एक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के जरिए शाहरुख और गौरी खान के नाम पर किया गया था। जमीन खरीदने के बाद शाहरुख खान और उनकी वाइफ ने राज्य सरकार की पॉलिसी का प्रॉफिट लेने का फैसला किया। ये पॉलिसी लीज पर दी गई प्रॉपर्टी को कम्पलीट ऑनरशिप में बदलने की परमिशन देती है। दोनों ने राज्य की नीति के अनुसार मार्च 2019 में कीमत का 25 परसेंट भुगतान किया, जो लगभग 27.50 करोड़ रुपए था।

### शाहरुख ने गौरी के लिए खरीदा था ये आलीशान बंगला

शाहरुख खान ने अपनी पत्नी गौरी के लिए ये सपनों का घर खरीदा था। मुंबई के आर्किटेक्ट कैफ वकीह ने 6000 वर्ग फीट के इस बंगले को रेनोवेट किया था। शाहरुख की पत्नी गौरी एक इंटीरियर डिजाइनर हैं। उन्होंने 1920 की रॉयल थीम पर अपने घर को अंदर से सजाया। इसे संवारने के लिए शाहरुख ने करोड़ों रुपए खर्च किए थे।

# महारानी गायत्री देवी पर बनेगी सीरीज

## प्रोड्यूसर प्रांजल बोले- चार साल की रिसर्च, दो सीजन होंगे; शूटिंग राजस्थान और लंदन में होगी



बॉलीवुड में बायोपिक फिल्मों और वेब सीरीज का दौर तेजी से बढ़ रहा है। अब एक और भव्य प्रोजेक्ट ऑडियंस के सामने आने वाला है - महारानी गायत्री देवी पर बन रही वेब सीरीज। यह भारत की शाही विरासत, बदलाव और एक मजबूत महिला की कहानी को दर्शाने वाली सीरीज होगी। हाल ही में बातचीत के दौरान, प्रोड्यूसर प्रांजल खंधाडिया ने इस रॉयल वेब सीरीज के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा, उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'धक धक 2' और हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' पर भी बात की।

### कैसे आया महारानी गायत्री देवी की कहानी को पर्दे पर लाने का विचार?

प्रांजल खंधाडिया ने बताया कि इतिहास के प्रति उनकी हमेशा से गहरी रुचि रही है, खासकर भारत के आधुनिक इतिहास में। उन्होंने कहा, 'भारत एक उपनिवेश रहा है, जिस पर पहले विदेशियों का राज था, अपने फैसले खुद नहीं ले सकता था। इसका इतिहास ज्यादातर ब्रिटिश नजरिए से लिखा गया है। पढ़े-लिखे लोग अंग्रेजी में लिखते थे और वही बातें किताबों का हिस्सा बनीं। इसका नतीजा यह हुआ कि भारतीय राजाओं को एक खास छवि में दिखाया गया - कि वे ब्रिटिश के करीब थे, केवल ऐशो-आराम में थे, जनता के लिए कुछ नहीं किया। लेकिन हकीकत इससे अलग थी। कोई यूं ही राजा या रानी नहीं बन जाता, जनता का प्यार ऐसे ही नहीं मिलता।' उन्होंने आगे कहा, 'महारानी गायत्री देवी सिर्फ अपने रॉयल स्टेटस के लिए नहीं, बल्कि अपनी सोच, आत्मविश्वास और फैसलों के लिए जानी जाती थीं। यह केवल एक शाही परिवार की कहानी नहीं है, बल्कि एक ऐसी महिला की दास्तां है, जिसने हिम्मत और बदलाव की मिसाल कायम की।'

### चार साल की रिसर्च, दो सीजन में पेश होगी कहानी

प्रांजल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर चार साल से गहरी रिसर्च की जा रही है। जयपुर की रॉयल फैमिली ने इस वेब सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी है और हर ऐतिहासिक पहलू को गहराई से खंगाला गया है। हमने दो सीजन की योजना बनाई है, हर सीजन में 8-8 एपिसोड होंगे। यह एक बेहद भव्य और बड़े स्तर का शो होगा, जैसा भारत में पहले कभी नहीं बना।'

### क्या महारानी गायत्री देवी के किरदार के लिए कोई एक्ट्रेस फाइनल हुई है?

इस सवाल पर प्रांजल ने स्पष्ट किया कि फिलहाल पूरी टीम स्क्रिप्ट पर फोकस कर रही है। उन्होंने बताया, 'भवानी, जो एक शानदार लेखक हैं, इस शो का स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स लिख रही हैं। जब स्क्रिप्ट पूरी हो जाएगी, तब हम कास्टिंग की घोषणा करेंगे। चूंकि यह वेब सीरीज महारानी गायत्री देवी के यंग एज से लेकर उनके 70 साल की उम्र तक की कहानी दिखाएगी, इसलिए इसमें मल्टीपल कास्टिंग की जरूरत पड़ेगी। एक चेहरा तो बेशक होगा, जो लीड एक्ट्रेस का होगा, लेकिन उसके आगे-पीछे भी बहुत कुछ होगा। हम अभी इस पर विचार कर रहे हैं कि क्या हम कंप्यूटर टेक्नोलॉजी से एजिंग इफेक्ट्स डालें या फिर अलग-अलग उम्र के लिए अलग-अलग अभिनेत्रियों को कास्ट करें।'

### भारत का सबसे भव्य रॉयल शो होगा यह वेब सीरीज

प्रांजल खंधाडिया का दावा है कि यह भारत का अब तक का सबसे भव्य रॉयल शो होगा। उन्होंने कहा, 'इसमें सिर्फ जयपुर ही नहीं, बल्कि कूच बिहार और बड़ौदा की भी कहानियां शामिल होंगी, क्योंकि महारानी गायत्री देवी का पारिवारिक वंश या पूर्वजों की जड़ें बड़ौदा से जुड़ी हुई थीं। शो में लंदन और व्हाइट हाउस की भी झलक देखने को मिलेगी। उनकी दोस्ती क्वीन एलिजाबेथ से थी और उन्हें व्हाइट हाउस में भी बुलाया गया था। उनके पति मान सिंह स्पेन के एंबेसडर थे। इतने बड़े स्तर के शो के लिए राजस्थान के किलों से लेकर लंदन तक कई लोकेशन्स पर शूटिंग करनी होगी।'

### बायोपिक्स में फैक्ट्स और क्रिएटिव लिबर्टी के बीच बैलेंस कैसे बनाएंगे?

प्रांजल ने कहा, 'बायोपिक बनाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। मैंने अब तक पांच बायोपिक्स पर काम किया है और समझा है कि व्हाइट वॉशिंग और फैक्ट्स की प्रेजेंटेशन में बारीक अंतर होता है। इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करना गलत है, लेकिन उसे रोचक बनाना भी जरूरी है। महारानी गायत्री देवी की कहानी को पूरी सच्चाई, भव्यता और गरिमा के साथ दिखाने के लिए रॉयल फैमिली से पूरी आजादी मिली है। प्रोडक्शन टीम ने ऐतिहासिक दस्तावेजों, किताबों और उनके करीबी लोगों के इंटरव्यू को ध्यान से पढ़ा है।

### धक धक 2 में क्या नया देखने को मिलेगा?

प्रांजल ने अपनी फिल्म धक धक के सीक्वल पर भी बात की। उन्होंने बताया, 'पहली फिल्म में चार महिलाओं ने 1300 किमी लंबा सफर तय किया। यह सिर्फ एक फेमिनिस्ट फिल्म नहीं थी, बल्कि पुरुष दर्शकों ने भी इसे इंस्पिरेशनल जर्नी के तौर पर अपनाया। अब सीक्वल में कहानी और बड़ी होगी - पहली फिल्म में उन्होंने खुद को साबित किया, अब वे देश का नाम रोशन करेंगी। दीया मिर्जा, संजना सांघी, फातिमा सना शेख और रत्ना पाठक शाह फिर से वही दमदार किरदार निभाएंगी। शूटिंग सितंबर से शुरू होगी।'

### स्वीट ड्रीम्स की शुरुआत और संघर्ष

प्रांजल ने बताया कि स्वीट ड्रीम्स की शुरुआत एक सपने से हुई थी। उन्होंने कहा, 'हम अपने सपनों के पीछे भागते रहते हैं, लेकिन असली जिंदगी की खुशियों को नजरअंदाज कर देते हैं। यही सोच इस कहानी की आत्मा बनी। लेकिन हर सपने की राह आसान नहीं होती। कोविड के बाद जब चीजें खुलने लगीं, तो हम बहुत एक्साइटेड थे, लेकिन इस फिल्म को पूरा करने में 3 साल लग गए।

# मूवी रिव्यू- सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव : दोस्ती, जज्बे-जुनून की कहानी; एक्टिंग, डायरेक्शन और राइटिंग सटीक; जुलाहे, हिंदू-मुस्लिम और हिंसा से इतर मालेगांव की अलग दुनिया

डायरेक्टर रीमा कागती की फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव थिएटर में 28 फरवरी को रिलीज हो रही है। यह एक ऐसी प्रेरणादायक फिल्म है जो नासिर शेख की जिंदगी पर आधारित है। नासिर शेख एक जज्बाती, मेहनती और साहसी व्यक्ति हैं, जिन्होंने मालेगांव के लोगों के लिए सिनेमा को एक नई उम्मीद और मुस्कान का जरिया बना दिया। यह फिल्म न केवल फिल्ममेकिंग की चुनौतीपूर्ण राह पर चलने वाले हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, बल्कि उन सपनों को भी सलाम करती है जिनमें संसाधनों की कमी के बावजूद जुनून की कोई सीमा नहीं होती।

इस फिल्म को रीमा कागती, जोया अख्तर, फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह, शशांक अरोड़ा, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, पल्लव सिंह और मंजरी जैसे उम्दा कलाकारों की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 7 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इस फिल्म को 5 में से 4 स्टार रेटिंग दी है।

### फिल्म की स्टोरी क्या है?

फिल्म की कहानी मालेगांव की आम जिंदगी में छुपी कहानियों को उजागर करती है। नासिर (आदर्श गौरव) अपने भाई के लोकल वीडियो पार्लर से जुड़ी दुनिया में रच-बस गया है। शादियों में वीडियो रिकॉर्डिंग से लेकर एडिटिंग सीखने तक, नासिर ने कम संसाधनों में भी ऐसी फिल्में बना दीं जो मालेगांव के दिलों को छू गईं। अपने दोस्त फरोग जाफरी (विनीत कुमार सिंह), अकराम (अनुज दुहान), अलीम (पल्लव सिंह), शफीक (शशांक अरोड़ा) और इरफान (साकिब अय्यूब) की मदद से नासिर ने बॉलीवुड की हिट फिल्म शोले का स्पूफ, 'मालेगांव की शोले बनाया, लेकिन जैसे ही सफलता की राह पर कदम बढ़ते हैं, दोस्तों के बीच मतभेद और व्यक्तिगत संघर्ष उभर आते हैं। जब शफीक को लंग कैंसर की खबर मिलती है, तो नासिर अपने दोस्तों के साथ मिलकर शफीक को हीरो बनाते हुए सुपरमैन ऑफ मालेगांव बनाने की ठान लेता है। इस फिल्म में एक भावुक मोड़ जहां दोस्ती, जुनून और जीवन की जंग एक साथ झलकती है।

### स्टार कास्ट की एक्टिंग कैसी है?

फिल्म की सबसे खूबसूरत बात इसकी असली और बेहतरीन कास्टिंग है। नासिर का किरदार निभाने वाले आदर्श गौरव ने गहराई से उस जज्बे को दर्शाया है जो हर संघर्षरत कलाकार के अंदर होता है। फरोग के किरदार में विनीत कुमार सिंह ने दर्द, सच्चाई और लेखक की गंभीरता को इस कदर उकेरा है कि जब आप असली फरोग के वीडियो देखें, तो लगे कि उनकी ही शख्सियत पर विनीत ने जादू कर डाला है। शफीक का किरदार शशांक अरोड़ा की दमदार अदाकारी से दर्शकों के दिलों में अपनी छाप छोड़ जाता है। बाकी कलाकार भी अपनी-अपनी भूमिकाओं में इतनी प्रामाणिकता और मेहनत लाते हैं कि फिल्म के हर पल में जीवन की झलक महसूस होती है।

### फिल्म का डायरेक्शन कैसा है?

डायरेक्टर रीमा कागती ने कहानी के हर पहलू पर न्याय करते हुए कलाकारों से शानदार प्रदर्शन निकलवाया है। वरुण ग्रोवर की कलम से निकली कहानी ने फिल्म को एक नई दिशा और भावनात्मक गहराई प्रदान की है। उनकी लिखावट में न केवल प्रेरणा की कहानी है, बल्कि हर उस व्यक्ति के संघर्ष को भी सलाम है जो असंभव को संभव में बदलने का सपना देखता है। 'राइटर ही बाप होता है जैसे संवाद दर्शकों के दिलों में गूंजते हैं। तकनीकी दृष्टिकोण से भी फिल्म अच्छी बनी है। फिल्म के डीओपी स्वप्निल एस सोनावणे की सिनेमैटोग्राफी और प्रोडक्शन डिजाइनर सैली व्हाइट की कलात्मक सोच ने मालेगांव की बारीकियों को पर्दे पर बखूबी उतारा है। साथ ही, कॉस्ट्यूम और हेयर डिजाइन भी दर्शकों की नजरों से नहीं बच पाते।

### फिल्म का म्यूजिक कैसा है?

सचिन जिगर का संगीत फिल्म के थीम के अनुरूप बेहतरीन है। बैकग्राउंड म्यूजिक ने हर भाव को गहराई से उकेरा है, जबकि जावेद अख्तर का लिखित बंदे गाना दर्शकों में नई ऊर्जा का संचार करता है।



### फिल्म का फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं

**अगर आप एक ऐसी फिल्म की तलाश में हैं जो जिंदगी के संघर्ष, दोस्ती और जुनून को बिना किसी आड़-छाड़ के पेश करे, तो सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव आपके लिए है। दमदार अभिनय, सटीक निर्देशन, बेहतरीन लिखाई और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ यह फिल्म आपको उन सपनों की ओर प्रेरित करेगी जो दूसरों के लिए असंभव माने जाते हैं। मालेगांव की असली कहानियों में डूब जाने के लिए और अपने अंदर छुपी उम्मीदों को जगाने के लिए यह फिल्म जरूर देखें।**

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेजने की अटकलें

## आप ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को विधानसभा उपचुनाव में कैंडिडेट बनाया

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब से राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। पार्टी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस और भाजपा का दावा है कि आप संजीव अरोड़ा की जगह अब अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेजेगी। कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि केजरीवाल ने सांसद अरोड़ा से कैबिनेट में जगह देने का सौदा किया है। इस साजिश से पता चलता है कि केजरीवाल एक दिन भी सत्ता के बिना नहीं रह सकते। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा- क्या इस कदम का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल के लिए पंजाब से राज्यसभा में नामांकन का रास्ता साफ करना है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल के बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे। कांग्रेस और भाजपा के दावों को आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने खारिज कर दिया है। प्रियंका ने कहा- अरविंद केजरीवाल न पंजाब के सीएम बन रहे हैं और न ही राज्यसभा जा रहे हैं। दोनों बातें बिल्कुल गलत हैं।

# महाशिवरात्रि पर हजारीबाग में 2 समुदायों में झड़प, कई घायल:लाउडस्पीकर लगाने के दौरान पथराव और आगजनी, एक कार-3 बाइक और दुकान में आग लगाई

बढ़ता राजस्थान

**हजारीबाग ( एजेंसी )।** झारखंड के हजारीबाग में बुधवार को महाशिवरात्रि पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गई है। वहीं, प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर हल्का लाठीचार्ज भी किया। घटना इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव की है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। बताया जा रहा है कि शिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाए जा रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया। इसके बाद झड़प शुरू हो गई।

### बड़ी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर मौजूद

प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है।

# बाबा विश्वनाथ को नागा साधुओं ने सुनाया शिव तांडव स्तोत्र : पेशवाई में गदा-तलवारें लहराते निकले, हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए

बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी ( एजेंसी )।** हाथ में गदा-त्रिशूल। हाथी-घोड़े की सवारी। शरीर पर भस्म और फूल माला। हर-हर महादेव का उद्घोष। काशी में शिवरात्रि पर इसी अंदाज में 7 शैव अखाड़ों के 10 हजार से ज्यादा नागा साधु बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। जलाभिषेक करने के बाद बाबा विश्वनाथ को शिव तांडव स्त्रोत सुनाया। तड़के 2:15 बजे बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती हुई। उनका दूल्हे की तरह श्रृंगार किया गया। आधी रात से ही मंदिर के बाहर करीब 4द्मद्ब लंबी कतार लगी हुई है। लाइन में लगे लोगों दर्शन के लिए 9-9 घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह से अब तक 4.56 श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए हैं।

नागा साधुओं ने विश्वनाथ मंदिर तक पेशवाई निकाली। इसमें गाड़ियां, ढोल-नगाड़े के साथ अस्त्र-शस्त्र लिए साधु शामिल थे। जूना अखाड़े के साधु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ मंदिर पहुंचे। नागा साधुओं के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के रास्ते की बैरिकेडिंग की गई थी। आशीर्वाद लेने के लिए लाखों की संख्या में भक्त रात से ही सड़क किनारे खड़े हो गए थे। महाकुंभ पर महाशिवरात्रि का यह संयोग 6 साल बाद बना है। इससे पहले 2019 के कुंभ में ऐसा संयोग बना था। तब 15 लाख श्रद्धालु काशी पहुंचे थे। कुंभ के बाद महाशिवरात्रि में शैव अखाड़े के नागा साधु बाबा के दर्शन करने आते हैं।

## केंद्र बोला- दोषी नेताओं पर आजीवन बैन उचित नहीं

# सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल काफी है, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के खिलाफ है। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इसका विरोध किया। कहा कि 6 साल के लिए डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है।इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दोषी नेताओं के खिलाफ आजीवन बैन लगाने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र ने कहा, याचिका की मांग कानून को दोबारा लिखने या संसद को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के जैसी है। ये पूरी तरह से न्यायिक समीक्षा की शक्तियों के विपरीत है।

वकील अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में जनहित याचिका लगाई थी, जिसमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई। उन्होंने पूछा था कि राजनीति पार्टियों को यह बताना चाहिए कि आखिर वे अच्छे छवि वाले लोगों को क्यों नहीं खोज पाते हैं। इसमें कहा गया कि देश में सांसदों-विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केसों को जल्द खत्म किया जाए और दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए।



आजीवन अयोग्यता वह अधिकतम पैनल्टी है जो प्रावधानों के तहत लगाई जा सकती है। ऐसा अधिकार संसद के पास है। यह कहना अलग है कि एक शक्ति मौजूद है और यह कहना दूसरी बात है कि इसका हर मामले में अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का जवाब...

याचिकाकर्ता के उठाए मुद्दों का असर व्यापक है। जो साफ तौर पर संसद की विधायी नीति के तहत आते हैं। इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में जरूरी बदलाव किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार माना है कि एक या दूसरे ऑप्शन पर विधायी विकल्पों का असर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (1) के तहत अयोग्यता की अवधि आरोप साबित होने की तारीख से 6 साल या जेल के मामले में रिहाई की तारीख से 6 साल थी। अयोग्यता संसदीय नीति के मामले में समय तक सीमित है। याचिकाकर्ता की इस मुद्दे की समझ को फिर से स्थापित करना और आजीवन प्रतिबंध लगाना सही नहीं होगा। न्यायिक समीक्षा के मामले में न्यायालय प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित कर सकता है। हालांकि याचिकाकर्ता की मांगी गई राहत ने अधिनियम की धारा 8 की सभी उप-धाराओं में 6 साल के बजाय आजीवन पढ़ने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में दिया था फैसला अप्रैल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला देते हुए कहा था कि कम से कम 2 साल की सजा पाने वाले विधायकों और सांसदों को सदन से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया जाए। इसमें अपील करने की 3 महीने की अवधि को नकार दिया गया था।

संविधान के अनुच्छेद102 और 191 का हवाला देते हुए केंद्र ने कहा था कि संविधान ने अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने के लिए संसद को अधिकार दिया है। संसद के पास अयोग्यता के आधार और अयोग्यता की अवधि दोनों निर्धारित करने की शक्ति है।

## अवमानना मामले में मुख्य सचिव को राहत : सुप्रीम कोर्ट ने अवैध बजरी खनन में अवमानना याचिका को किया खारिज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने अवैध बजरी खनन मामले में अवमानना याचिका को खारिज करते हुए राजस्थान के मुख्य सचिव को राहत दी हैं। यह अवमानना याचिका नवीन शर्मा द्वारा दायर की गई थी। इसमें राजस्थान सरकार पर सुप्रीम कोर्ट के 16 नवम्बर 2017 के आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम के आदेश के बाद भी राज्य सरकार अवैध बजरी खनन रोकने में विफल रही हैं। राजस्थान में अवैध बजरी खनन बड़े पैमाने पर जारी हैं। लेकिन सुनवाई के दौरान जब सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि जिन 82 खदान मालिकों को खनन कार्य बंद करने का आदेश दिया गया था।

क्या उनमें से कोई खनन कर रहा है तो उसके ठोस साक्ष्य पेश करे। लेकिन याचिकाकर्ता द्वारा कोई सबूत पेश नहीं करने पर कोर्ट ने अवमानना याचिका को खारिज कर दिया।

# हिमाचल में ऊंचे पहाड़ों पर हैवी स्नोफॉल...

- निचले इलाकों में हो रही बारिश
- भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ों पर बीते शाम से बर्फबारी हो रही है। किन्नौर और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियां बर्फ से ढक गई है। कई क्षेत्रों में सुबह 10 बजे तक 20 से 35 सेंटीमीटर फ्रैश स्नोफॉल हो चुका है। अभी भी बर्फबारी जारी है।

रोहतांग दर्रा में 75 सेंटीमीटर (सीएम), कोकसर 45 सीएम , अटल टनल नॉर्थ पोर्टल 45 सीएम , साउथ पोर्टल 40 सीएम , कुकुमसैरी में 41 सीएम , कल्पा में 13.8 सीएम , केलांग में 12 सीएम और सांगला में 3.5 सीएम बर्फ गिर चुकी है। प्रदेश के मैदानी और निचले इलाकों में बीती शाम से ही रुक रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज दोपहर साढ़े तीन बजे तक चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी कर रखा है।



### जोत में 60 मिलीमीटर बारिश

बीते 20 घंटे के दौरान जोत में सबसे ज्यादा 59 .4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मशहूर पर्यटन स्थल मनाली में 30 .0 एमएम बारिश, सियोबाग में 25 .2 एमएम, सराहन में 22 .5 एमएम, भुंतर में 21 .8 एमएम, रामपुर में 13 .6 एमएम, जोगेंद्रनगर में 12 .0 एमएम, धर्मशाला में 11 .6 एमएम, चंबा में 11 .0 एमएम, डलहौजी में 10 .0 एमएम, पालमपुर में 9 .0 एमएम और मंडी में सुबह 10 बजे तक 6 .0 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। आईएमडी के अनुसार, प्रदेश में अगले 4 दिन तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव रहेगा। इससे पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी के आसार है। खासकर कल और परसों के लिए मौसम विभाग ने हैवी स्नोफॉल का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### इन जिलों में यलो अलर्ट

शिमला, सोलन और सिरमौर जिले में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में आंधी और तूफान भी चल सकता है। इसी तरह ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जिले में कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 24 घंटे में सुंदरनगर का तापमान 11.2 डिग्री लुढ़का

बीती शाम से हो रही बारिश और बर्फबारी के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान 5 .3 डिग्री कम होने के बाद सामान्य से 3 .2 डिग्री नीचे लुढ़क गया है। सुंदरनगर के तापमान में सबसे ज्यादा 11 .2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। भुंतर का पारा 9 .5 डिग्री, ऊना का 7 .4 डिग्री, मंडी का 9 .1 डिग्री, चंबा का 7 .8 डिग्री सेल्सियस तापमान 24 घंटे के दौरान गिरा है।

# दिल्ली विधानसभा सत्र 3 मार्च तक बढ़ा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा सत्र को 3 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। पहले 24 फरवरी को शुरू हुआ सत्र 27 फरवरी को खत्म होने वाला था। विधानसभा स्पीकर विजेंदर गुप्ता ने कहा- हम सदन में जितनी संभव हो सके उतनी सीएजी रिपोर्ट पेश करेंगे। अब विधानसभा सत्र 4 दिन के लिए बढ़ गया है।

आगे उन्होंने बताया कि सरकार और विपक्ष दोनों दलों के 12-14 सदस्यों वाली एक पब्लिक अकाउंट्स कमेटी बनाई जाएगी। सदन में चर्चा के बाद रिपोर्ट्स को पीएसी के पास भेजा जाएगा। कमेटी की फाइंडिंग्स मिलने के बाद सदन उचित कार्रवाई करेगा।

दिल्ली विधानसभा में 25 फरवरी को नई शराब नीति पर कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट पेश हुई। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने यह रिपोर्ट 25 फरवरी को पेश की। यह ऑडिट 2017-18 से 2020-21 तक का है।

इसके मुताबिक, दिल्ली की शराब नीति बदलने से 2,002 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। शराब नीति में कुछ थोक विक्रेताओं और निर्माताओं में 'विशेष व्यवस्था' से मोनोपॉली और ब्रांड प्रमोशन का खतरा पैदा हुआ। आप सरकार ने 10 साल से कैग की 14 रिपोर्ट सदन में पेश नहीं कीं। 71% आपूर्ति 3 थोक विक्रेताओं के कब्जे में थी कैग रिपोर्ट के अनुसार, तीन थोक विक्रेताओं ने कुल शराब आपूर्ति का 71% हिस्सा नियंत्रित कर लिया। इनका कमीशन 5% से बढ़ाकर 12% किया। वहीं, गैर-अनुरूप क्षेत्रों में शराब की दुकानों के लिए समय पर अनुमति न लेने से 941.53 करोड़ का राजस्व नुकसान हुआ।

### शराब नीति सीएजी रिपोर्ट में 2002 करोड़ का घाटा, स्पीकर बोले- जांच के लिए पीएसी बनेगी



### सीएजी रिपोर्ट पर विपक्ष की नेता आतिशी के 3 बयान

विधानसभा में आबकारी ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई। इसके सात अध्याय 2017-21 की आबकारी नीति पर हैं। एक अध्याय नई आबकारी नीति पर है। दिल्ली सरकार ने पुरानी आबकारी नीति की खामियों और भ्रष्टाचार को दिल्ली की जनता के सामने उजागर किया था।

उस नीति के तहत हरियाणा और यूपी से अवैध रूप से शराब लाई जाती थी। यह रिपोर्ट वही बात दोहरा रही है जो हमने कहा था कि पुरानी नीति के कारण दिल्ली की जनता को घाटा हो रहा है। इस नीति से यह स्पष्ट होता है कि पुरानी नीति को हटाकर आप सरकार ने सही फैसला लिया।

## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# जयपुर में 8 नई आवासीय योजना लाएगा जेडीए

## मार्च में 4 स्कीम लॉन्च होंगी, 1200 से ज्यादा प्लॉट; 3 वेयर हाउस स्कीम भी आएंगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण आठ नई आवासीय योजनाएं और तीन वेयर हाउस स्कीम लाने की तैयारी कर रहा है। इनमें से 4 स्कीम के लिए मार्च में आवेदन शुरू होंगे, जिनमें 1200 से ज्यादा प्लॉट उपलब्ध होंगे। सभी प्लॉट का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। 4 साल बाद हाल ही में जेडीए ने 3 आवासीय योजनाएं लॉन्च की थी। पहली रेजिडेंशियल योजना सीकर रोड पर रामपुरा डाबड़ी के ग्राम बैनाड़ दौलतपुरा में प्रस्तावित है। दूसरी योजना टोंक रोड पर चाकसू हाईवे के पास है। तीसरी योजना बस्सी और चौथी निवारू रोड से लालचंदपुरा के बीच मंशारामपुरा में प्रस्तावित है। बाकी चार रेजिडेंशियल योजना अजमेर रोड पर जयरामपुरा, कालवाड़ रोड पर रोजड़ा, आमेर के राजावास और आगरा रोड पर बगराना में लॉन्च की जाएंगी।



### पहली योजना: सीकर रोड पर, स्कूल और खेल का मैदान भी होगा

जेडीए के जोन-12 में नई आवासीय योजना प्रस्तावित है। इनमें से आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लिए 95 प्लॉट और निम्न आय वर्ग के लिए 88 प्लॉट आरक्षित किए गए हैं। बाकी 174 प्लॉट सामान्य कैटेगरी के रहेंगे। जेडीए की परियोजना कार्य समिति इस योजना को हरी झंडी दे चुकी है। ऐसे में अब जेडीए रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी राजस्थान में इस योजना के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करेगा। जेडीए की इस योजना में ग्रुप हाउसिंग, फ्लैट्स, रिसोर्ट, कॉमर्शियल और रिटेल कॉमर्शियल के लिए प्लॉट आरक्षित किए गए हैं। योजना की भूमि में से ही जोनल प्लान की 100 फीट और 160 फीट चौड़ी सड़क प्रस्तावित है। इसकी 1.25 हेक्टेयर जमीन स्कूल और खेल के मैदान के लिए रिजर्व रखी है।

### दूसरी योजना: चाकसू कस्बे के पास, कॉमर्शियल प्लॉट भी होंगे

चाकसू कस्बे की तरफ जाने वाली 200 फीट सड़क पर स्थित यह योजना टोंक रोड से भी बहुत नजदीक है। इस स्कीम में उच्च आय वर्ग के 48, मध्यम आय वर्ग-ए के 90 प्लॉट, मध्यम आय वर्ग-बी के 12 प्लॉट, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के 44 प्लॉट और निम्न आय वर्ग के 107 प्लॉट हैं। जेडीए की इस योजना में ग्रुप हाउसिंग के 3, फ्लैट्स के लिए 3 प्लॉट और व्यवसायिक उपयोग के 64 प्लॉट हैं। 200 फीट सड़क की तरफ जेडीए की ओर से योजना में बड़े कॉमर्शियल प्लॉट प्रस्तावित किए गए हैं। ग्राम काठावाला जुझारूपुरा स्थित इस योजना की आरक्षित दर 25 हजार से 30 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर रहने की संभावना है। फिलहाल रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में योजना का पंजीकरण कराने की तैयारी चल रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )